## शहर में आज



☞ राष्ट्रीय स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए ट्रायल एमपीएस के मैदान पर 3:00 बजे

☞ आजाद नगर व लाकड़ी वालान में शिया समुदाय की मजलिस रात 8:30 बजे

☞ ज़िक्र-ए-शहीदाने कर्बला की महफिल की महफिल लाल मस्जिद में रात 9:00 बजे

# रंगोली-गुब्बारों से सजे स्कूल, बच्चों का तिलक कर स्वागत

## गर्मी की छुट्टियों के बाद खुले स्कूलों में लौटी चहल-पहल, डीआईओएस व बीएसए ने किया निरीक्षण, शिक्षकों ने निकाली रैली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा परिषद के स्कूल मंगलवार को ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद पढ़ाई के लिए खुले। शिक्षकों ने पहले दिन पहुंचे बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। बच्चों को मिष्ठान खिलाया गया। स्कूल व कॉलेजों में चहल पहल दिखी।

स्कूलों के खुलने के साथ ही 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान चलाकर नामांकन बढ़ाने पर जोर रहेगा। पहले दिन जिला बेसिक शिक्षाधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्कूलों का निरीक्षण कर उपस्थिति देखी। अधिकांश स्कूलों में उपस्थिति कम होने पर इसे बढ़ाने का निर्देश दिया। जिले के परिषदीय विद्यालयों में 30 हजार नव प्रवेशित बच्चों के पहले दिन स्कूल पहुंचने पर उनका तिलक लगाकर व फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। बच्चों को स्वादिष्ट व्यंजन खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। शिक्षकों ने आइए आपका इंतजार था गीत के साथ बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाया।

मूंढापांडे के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली को स्वागत के लिए शिक्षकों ने सजाया था। प बच्चों का शिक्षिका अंजली सांगवान ने तिलक लगाकर स्वागत किया। बीएसए विमलेश कुमार ने कई स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कंपोजिट विद्यालय मझोला समेत कई स्कूलों में निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति कम मिली। जिले के 1408 विद्यालयों में 30 हजार से अधिक नव प्रवेशित बच्चे विद्यालय पहुंचे।

डीआइओएस देवेंद्र पांडेय ने बताया कि छात्रों व अध्यापकों की उपस्थिति चेक करने के लिए निरीक्षण किया। बताया कि राजकीय हाई स्कूल कुचावली और चेंगरी में बच्चों की पंजीयन संख्या के अनुसार उपस्थिति काफी कम मिली। प्रधानाचार्यों और अध्यापकों से अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने को कहा है। सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा ने जीआईसी रतनपुर कला और पाकबड़ा का निरीक्षण किया। जिसमें पंजीयन की संख्या के सापेक्ष पहले दिन 300 बच्चे अनुपस्थित मिले। जिस पर प्रधानाचार्य और अध्यापकों को स्थिति में जल्द सुधार कराने का निर्देश दिया।



बच्चों का तिलक कर स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार



मूंढापांडे में प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत करते शिक्षक-शिक्षिका। ● अमृत विचार

### सूजी का हलवा खिलाया

**छजलैट, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर ब्लॉक छजलैट में स्कूल चलो अभियान के तहत प्रथम दिन बच्चों का स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चों को विद्यालय आने एवं संचारी रोगों के प्रति जागरूक भी किया गया। स्कूल को रंगोली, गुब्बारे आदि लगाए गए। बच्चों का रोली और चंदन का तिलक लगाने के साथ फूल देकर स्वागत किया गया। मिड डे मील के रूप में रुचिकर भोजन सूजी का हलवा भी खिलाया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र चौधरी के अलावा एसएमसी अध्यक्ष महेश कुमार, अध्यापिकाएं सूर्यलता, अनीता बचन, पारुल मेहरोत्रा, पूजा कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों को दिलाई गई शपथ

**बिलारी, अमृत विचार :** रुस्तमनगर सहसपुर के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में नए सत्र में आने वाले बच्चों का जोरदार स्वागत किया गय। स्कूल चलो अभियान के तहत द्वितीय चरण की शुरुआत की गई। बच्चों का स्वागत टीका लगाकर किया गया। इस बीच स्कूलों में रंगोली सजाई गई। कुछ बच्चों को पुष्प दिए गए तो बच्चों को मिठाई आदि खिलाई गई। इस बीच संचारी रोग नियंत्रण अभियान जो 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। उसे लेकर बच्चों को शपथ भी दिलाई गई। सहायक अध्यापिका शाहीन परवीन ने बच्चों को संचारी रोग व उनसे बचाव के तरीके बताए। प्रधानाध्यापक संतोष कुमार ने सभी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।



निरीक्षण के दौरान राजकीय हाईस्कूल में डीआई ओ एस देवेंद्र पांडेय। ● अमृत विचार

### शिक्षा से वंचित न रहे एक भी बच्चा

पहले दिन स्कूल चलो अभियान का आरंभ किया गया। 1 से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान के तहत अभिभावकों को प्रवेश के लिए जन जागरुकता के साथ ही रैली व जन संपर्क अभियान चलेगा। जिससे कोई भी 6 से 14 वर्ष तक का बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

# रक्त के साथ ही अब प्लाज्मा भी दान करेगी ब्लड बैंक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बारिश के मौसम में डेंगू संक्रमण फैलने पर मरीजों को प्लेटलेट्स व प्लाज्मा की जरूरत पड़ती है। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक को सात माह पहले मिली एफेरेसिस मशीन के संचालन के लिए पिछले सप्ताह लाइसेंस मिल गया है। इसके बाद डेंगू के मरीज और तीमारदार को प्लेटलेट्स खासकर जंबो पैक के लिए भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी।

जिला अस्पताल की अपर निदेशक व प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि लाइसेंस मिलने के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही मशीन का संचालन शुरु होगा। अभी शासन के गाइडलाइन का इंतजार है। क्योंकि, किस तरह के मरीजों को जंबो पैक निशुल्क रूप से उपलब्ध कराना है दिशा-निर्देश मिलने के बाद ही तय किया जाएगा। निजी अस्पतालों में जंबो पैक के लिए लोगों को पांच से 10 हजार रुपये तक चुकाने पड़ते हैं। प्लेटलेट्स निकालने की प्रक्रिया में करीब दो घंटे लगते हैं। ऐसे में डेंगू के मरीज बढ़ने पर निजी अस्पतालों में भी जंबो पैक के लिए कतारें लगती हैं। इसका फायदा उठाकर बिचौलिए सक्रिय हो जाते हैं और मनमाने दामों पर लोगों से जंबो पैक का सौदा करते हैं।

# फिर बढ़ा रामगंगा नदी का जलस्तर

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मंगलवार को बाढ़ खंड अधिशासी अभियंता राजेश सिंह ने बताया कि दो दिन पहले रविवार को बैराज से 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़ गया था, जिससे रविवार और सोमवार को राम गंगा नदी का जलस्तर 187.47 था। इसके बाद सोमवार को रामगंगा नदी का जलस्तर कम होकर 187.37 रह गया।

उन्होंने बताया कि को बैराज डाम से अब 5.427 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिससे रामगंगा का जलस्तर बढ़कर 187.55 हो गया है। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद जिले में कटघर रेलवे पुल के नीचे लगे माप के पैमाने के अनुसार बड़े हुए जल स्तर की पुष्टि की गई है। मानसून के आने के बाद जिले में नदियों का जलस्तर घट बढ़ रहा है। हालांकि एक दिन पहले रामगंगा का जलस्तर घटा था।

# पीएनजी भट्ठियों से प्रदूषण होगा कम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● मंडलायुक्त की अध्यक्षता में ब्रॉस कार्यों से जुड़े कारीगरों एवं निर्यातकों के साथ बैठक

**अमृत विचार :** कम्बाइंड ब्रॉस फरनेस फैसेलिटी सेंटर परियोजना के संबंध में निर्यातकों व कारीगरों के सुझाव के लिए मंडलायुक्त/अध्यक्ष मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई।

मंगलवार को हुई बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि जो भी कारीगर अपनी घरेलू भट्ठियों का उपयोग करते हैं, उससे न सिर्फ उन्हें प्रदूषण का खतरा है, बल्कि उनके संपर्क में रहने से अन्य लोगों के स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। इसे देखते हुए कम्बाइंड ब्रॉस फरनेस फैसेलिटी सेंटर परियोजना के अंतर्गत पीएनजी आधारित भट्ठियां स्थापित की गई हैं जिससे प्रदूषण का स्तर नगण्य रहेगा। इससे शारीरिक व मानसिक रूप से राहत मिलेगी। परियोजना के अनुसार जो भट्ठियां संचालित की जाएगी वह पीएनजी गैस से जुड़ी होगी, जिससे प्रदूषण होने का खतरा न के बराबर रहेगा। स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित भट्टी में खर्च और समय दोनों कम लगेगा।

मंडलायुक्त ने कहा कि सभी निर्यातक और कारीगर एक बार निर्मित भवन का निरीक्षण कर लें, जिससे उनकी शंकाओं का समाधान हो सके। बैठक में स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अनिल कुमार मित्तल व अन्य संबंधित अधिकारी और निर्यातक आदि मौजूद रहे।



कारीगरों एवं निर्यातकों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह।

### कारीगरों की सुविधा का रखा जाएगा ध्यान

एडिशनल सीईओ मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड अतुल कुमार ने बताया कि यह प्लांट 24 घंटे संचालन की क्षमता से युक्त है। कारीगरों की सुविधा व आवश्यकतानुसार संचालन की समयावधि तय होगी।

# श्रावण मास हरिहर भगवान की कृपा दिलाने वाला है: अर्द्धमौनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● द्वारिकाधीश मंदिर कांशीराम नगर में श्रावण मास के पूर्व भजन संध्या का आयोजन

**अमृत विचार :** द्वारिकाधीश मंदिर कांशीराम नगर में भजन संध्या में कथा व्यास धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने कहा कि चातुर्मास का आरंभ पवित्र श्रावण मास में भगवान श्री हरि एवं हर दोनों की विशेष कृपा प्राप्त कराने वाला है। कांवड़ यात्रा, जलाभिषेक एवं तीर्थयात्रा के द्वारा भक्त मनोरथ पूर्ण करते हैं।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से फलों से लदी हुई वृक्ष की डाल झुक जाती है उसी प्रकार से गुणीजन सदैव विनम्र होते हैं, किन्तु मूर्ख उस सूखी लकड़ी के समान होता है जो कभी नहीं झुकता है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार वृक्ष के मूल में जल डालने से वृक्ष के सब अंग तृप्त हो जाते हैं। शरीर को भोजन देने से मनुष्य के शरीर के सभी अंगों में शक्ति का संचार हो जाता है, ऐसे ही भगवान कृष्ण को भजने से समस्त संसार को शांति मिलती है। इससे श्रेष्ठ उपाय कोई नहीं है। जो हरिभजन करता है, उसके द्वारा संसार मात्र को बड़ी शांति मिलती है क्योंकि संसार के मूल भगवान श्रीकृष्ण हैं। संसार मात्र की शांति के उद्देश्य को लेकर भगवान का भजन करते हैं। इसके सिवाय उनकी और कोई इच्छा नहीं है। भगवान के भजन में लग जाने से शांति मिलेगी और दुःख दूर होगा। आयोजन में आरके भारत, आंकाक्षा भारत, अमित कुमार, कामिनी सैनी, रामसिंह सैनी, रामवती सैनी, डॉ. रजनी त्यागी, किरन प्रजापति, जीनत चौधरी, ललित सैनी, मनीषा सैनी, सतीश भंडूला, सपना सिरोही, सौरभ अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, निखिल दास आदि ने सहयोग दिया।

# विकास कार्यों में लापरवाही पर अधिकारियों से नाराज हुईं सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● विकास भवन में समस्त खंड विकास अधिकारियों के साथ की बैठक

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने विकास भवन सभागार में मंगलवार को समस्त खंड विकास अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की बैठक में समीक्षा की। मनरेगा में वृहद पौधरोपण और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन व अमृत सरोवर के दूसरे चरण के अंतर्गत तालाबों पर कार्य कराए जाने में लापरवाही पर मुख्य विकास अधिकारी नाराज हुईं। कार्य में तेजी लाकर प्रगति में सुधार का निर्देश दिया।

विकास भवन के बापू सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में मनरेगा वर्ष 2025 में वर्षा काल में होने वाले वृहद पौधरोपण में ग्राम्य विकास विभाग को आवंटित लक्ष्य की पूर्ति के लिए व्यक्तिगत लाभार्थियों का सत्यापन करने के लिए कहा। सीडीओ ने एनआरएलएम के अन्तर्गत सीसीएल विवरण के संबंध में 16 जून को दिए गए निर्देश की अनदेखी पर नाराजगी जताई। अधिकांश विकास खंडों के सहायक विकास अधिकारी की सक्रियता न होने पर कार्रवाईको कहा। लापरवाह बीएमएम को 10 दिन में सुधार न होने पर उनकी संविदा समाप्त करने की चेतावनी दी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-26 में विकास खंड-डिलारी, कुंदरकी एवं मुरादाबाद के आवासों की पूर्णता का प्रतिशत औसत से काफी कम पाया गया। खंड विकास अधिकारियों को आवासों का कारण सहित विवरण एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने के लिए कहा। बैठक में उपायुक्त स्वतः रोजगार, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी उपस्थित रहे।



विकास भवन में बैठक करतीं मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी।

## सार-संक्षेप

### बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया रक्तदान



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डॉक्टर्स डे पर मंगलवार को पीएनबी मंडल कार्यालय में रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य डॉक्टरों के अमूल्य योगदान को सम्मान देना और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का आरंभ मंडल प्रमुख अनिल कुमार यादव और उपमंडल प्रमुख मनोज अग्रवाल ने की। दोनों अधिकारियों ने स्वयं रक्तदान कर दूसरों को इसके लिए प्रेरित किया। व्यास मौर्य, जूही, श्रुति, गीता और अन्य कर्मचारियों ने भी इसमें सहभागिता की। शिविर में चिकित्सकों ने ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन और सामान्य स्वास्थ्य जांच की। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देकर लोगों से नियमित जांच और संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। बैंक के मंडल प्रमुख ने कहा कि "डॉक्टर न केवल एक पेशेवर, बल्कि समाज के लिए जीवनदाता होते हैं। आज का दिन उनके प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है। सभी रक्तदाताओं को मंडल कार्यालय की ओर से प्रमाण पत्र और फल देकर सम्मानित किया गया।

### सबील-ए-इमाम हुसैन व लंगर का एहतिमाम



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को मोहर्रम की पांच तारीख पर संभल रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर मोड़ पर इमाम-ए-मेहंदी यूथ मिशन की जानिब से सबील-ए-इमाम हुसैन व लंगर का एहतिमाम किया गया। सबील-ए-इमाम हुसैन व लंगर में सुबह 10 बजे से ही राहगीरों को शर्बत तकसीम किया। दोपहर 1 बजे से लंगर का एहतिमाम किया गया। सभी लोगों को खाना खिला रसूल को उनके नवासे का पूरसा पेश किया गया। इमाम-ए-मेहंदी यूथ मिशन के अध्यक्ष हसन जैदी ने कहा कि आयातुला सैयद अली खामेनाइ शिया समुदाय के सबसे बड़े धर्म गुरु है। हरदोई में पुलिस द्वारा उनकी तस्वीर को हटवाने का कोई अधिकार नहीं था। यह हमारी आस्था का मामला है और संविधान हमें इजाजत देता है। पुलिस की कड़ी निंदा कर कार्रवाई की मांग उठाई। इस मौके पर प्रदेश कॉर्डिनेटर सादिक आबदी, उप सचिव जैनउल काजमी, कार्यकारिणी सदस्य शवाब नकवी, मोहम्मद सलीम, अधिवक्ता कलाम हसनैन, डॉ. कायम रज़ा, मिसम नकवी, काशीफ, हुसैन अब्बास, नाजीश, गोस ए आलम, अनीस हैदर, शाहिद नकवी, अलमान व आमिर खान समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# फुटबॉल: खिलाड़ियों का ट्रायल आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए चार व पांच जुलाई को जूनियर बालक वर्ग की प्रदेश टीम का चयन मेरठ की स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी के फिजिकल एजुकेशन विभाग में होगा। ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों का वहीं छह जुलाई से प्रशिक्षण कैंप शुरू होगा, जो 20 जुलाई तक चलेगा।

जिला फुटबाल एसोसिएशन के महासचिव मुहम्मद नासिर कमाल ने बताया कि ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए मुरादाबाद मंडल के खिलाडियों का चयन बुधवार को एमपीएस के मैदान में किया जाएगा। एक जनवरी 2010 से 31 दिसंबर 2011 के बीच में जन्म लेने वाले खिलाडी ही इसमें प्रीतिभाग कर सकते हैं। 9897582685, 8126373499 और 8979262786 इन नंबरों के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं

# चिकित्सकों ने विमान हादसे में दिवंगत डॉक्टरों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● आईएमए भवन में मनाया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

**अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से आईएमए भवन में मंगलवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस भावपूर्ण और रचनात्मक तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए की अध्यक्ष डॉ. प्रीति गुप्ता ने की। उन्होंने सभी चिकित्सकों को चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए आने वाली पीढ़ी को चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. ऋचा ने सभी चिकित्सकों के लिए विशेष हाउजी का आयोजन कर सभी को रोमांचित किया। डॉ. ऋचा गंगवाल अनघा ने चिकित्सकों पर आधारित प्रेरणादायक कविताएं प्रस्तुत कीं। डॉ. अर्चना अग्रवाल, डॉ. प्रगति गुप्ता और डॉ. शाजिया मोनिस ने चिकित्सकों की दिनचर्या पर एक हास्य नाटिका प्रस्तुत की। डॉ. भारती खट्टर ने रोचक सरप्राइज गतिविधियों से कार्यक्रम को उल्लास से भर दिया। इस दौरान 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में दिवंगत हुए चिकित्सक विद्यार्थियों, चिकित्सकों, यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को मोमबत्तियां जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ. दीपाली वर्मा, डॉ. अर्पित वर्मा, डॉ. प्रतीक गर्ग, डॉ. ऋचा अग्रवाल, डॉ. मनोज सक्सेना एवं विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने इस दुःखद विषय पर एक संवेदनशील नाटिका प्रस्तुत की। इस मार्मिक प्रस्तुति में सहर्ष पुरी, प्रणव जैन, सिद्ध गुप्ता, सात्विक जिंदल, आद्विक गर्ग, दैविक गर्ग, आद्विक राणा, राघवन जैन, रेयांश जैन, मनन जैन, अव्या गुप्ता, मायरा गुप्ता, अपर्णा गुप्ता, मुग्धा सिंह, सान्वी सिंह, रणबीर सिंह, अबीर सिंह आदि बच्चों ने अभिनय किया। संचालन आईएमए सचिव डॉ. सुदीप कौर ने किया। वहीं, समयबद्ध उपस्थिति के लिए कुछ चिकित्सकों को विशेष सम्मान भी प्रदान किया गया। कोषाध्यक्ष डॉ. रूबी चुग ने सभी का आभार व्यक्त किया। डॉ. बबीता गुप्ता, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. गरिमा मिश्रा, डॉ. दीपांशु गुप्ता, डॉ. शरद गुप्ता, डॉ. आशीष पुरी, डॉ. पायल पुरी, डॉ. विभोर जैन, डॉ. रेनू जैन, डॉ. आरके जैन आदि मौजूद रहे।




डॉक्टरों को सम्मानित करते इनर व्हील क्लब ऑफ मुरादाबाद सेंट्रल के सदस्य।

### स्मृति चिह्न देकर चिकित्सकों को किया सम्मानित

इनरव्हील क्लब ऑफ मुरादाबाद सेंट्रल की ओर से मंगलवार को चिकित्सक दिवस व चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाज में इन दोनों वर्गों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करने के लिए क्लब ने विशेष अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया। सीएमओ कार्यालय में पहुंच क्लब की पदाधिकारियों ने जिला अस्पताल के चिकित्सकों को स्मृति चिह्न, पुष्पगुच्छ भेंट किया और निरंतर समाज के प्रति सेवा भाव रखने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। पदाधिकारियों ने गांधी नगर स्थित डॉ. सौरभ अग्रवाल और डॉ. लता अग्रवाल के निवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। इसके बाद सिविल लाइंस में डॉ. विमिता अग्रवाल के निवास पर और फिर एमडीए कॉलोनी में डॉ. अरुण चुघ व डॉ. रूबी चुघ के निवास स्थान पर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही सीए हिमांशु मेहरा को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष रीना अग्रवाल, उपाध्यक्ष पायल रस्तोगी, सचिव डॉ. हिमानी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अपूर्वा अग्रवाल, पल्लवी रस्तोगी मौजूद रहीं।

**मोहर्रम** | लाल मस्जिद में 10 रोजा ज़िक्र-ए-शहीदाने कर्बला की महफिल जारी

# तकवा, परहेज़गारी व हया की मिसाल थे हजरत उस्मान गनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर की लाल मस्जिद में आयोजित 10 रोजा ज़िक्र-ए-शहीदाने कर्बला की पांचवीं महफिल में भी मंगलवार की रात आलिम-ए-दीन हज़रत मौलाना मुफ्ती दानिश कादरी ने हज़रत उस्मान गनी की सीरत, उनके बे-मिसाल किरदार और उम्मत-ए-मुसलिमा के लिए दी गई कुर्बानियों पर रोशनी डाली।

महफिल में मुफ्ती दानिश कादरी ने कहा कि हज़रत उस्मान गनी खलीफा-ए-राशिदीन में तीसरे खलीफा हैं, जिन्हें ज़ुन्नूरैन यानी दो नूरों वाला कहा जाता है। क्योंकि उन्होंने प्यारे नबी की दो साहिबजादी रूकैया और उम्मे कुलसूम से निकाह किया। कहा कि जब मदीना मुनव्वरा में भीषण अकाल पड़ा और लोग पानी के लिए परेशान थे, तब हजरत उस्मान गनी ने अपना पूरा कुआं अल्लाह की राह में वक्फ कर दिया। उस कुएं को आज भी बीर-ए-उस्मान कहा जाता है। जंगे तबूक के मौके पर हजारों ऊंट, हथियार और मदद फौज के लिए दी। हज़रत उस्मान गनी की जिंदगी तकवा, परहेज़गारी और हया की बेहतरीन मिसाल थी। प्यारे नबी ने खुद फरमाया क्या मैं उस इंसान से शर्म न करूं जिससे फरिश्ते भी शर्माते हैं। इसके अलावा मुफ्ती दानिश कादरी ने हज़रत उस्मान गनी की शहादत का दर्दनाक वाकिया बयान किया, जब आपने कुरआन-ए-पाक की तिलावत करते हुए घर में शहादत पाई और खून के छींटे कुरआन-ए-पाक की आयत पर गिरे। मुफ्ती साहब ने कहा कि हज़रत उस्मान गनी का अहलेबैत से गहरा मोहब्बत और इज़्ज़त का ताल्लुक़ था। फितना परस्तों ने सहाबा और अहलेबैत के बीच नफरत की दीवार खड़ी करने की कोशिश की, लेकिन आज भी अहले हक़ इन पाक रिश्तों को सलामत रखते हैं।



ज़िक्र-ए-शहीदाने कर्बला की महफिल को खिताब करते मुफ्ती दानिश कादरी। ● अमृत विचार

# गुरुग्राम के सम्मेलन में भाग लेंगे महापौर

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** संविधानानिक लोकतंत्र को मजबूत करने व राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका पर हरियाणा के गुरुग्राम में 3-4 जुलाई को सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

इसमें नगर विकास निदेशालय की ओर से नगर निगम मुरादाबाद के महापौर व एकमात्र वार्ड 47 सागर सराय के पार्षद डॉ. गौरव श्रीवास्तव को शामिल होकर अपने विचार रखने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसका पत्र दोनों को अपर नगर आयुक्त प्रथम की ओर से दिया जा चुका है। वार्ड 47 के पार्षद ने कहा कि निगम के 70 वार्डों में से उन्हें इस सम्मेलन में आमंत्रित करना गौरवान्वित करने वाला है।

**आज का मौसम**
धूप रहेगी, कभी हल्के बादलों की बीच छिटपुट बूंदाबांदी की उम्मीद

30.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:20 | सूर्यास्त 07:17

## प्रधान को हत्या की धमकी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ग्राम फरहेदी निवासी ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार के अनुसार गांव के सागर पुत्र रमेश से उसकी कुछ समय पहले कहा सुनी हो गई थी जिसे लेकर सागर उससे रंजिश रखने लगा था। रंजिश के चलते आरोपी सागर ने उनकी हत्या करना उसका है बोलते हुए वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट कर दिया। ग्राम प्रधान ने बताया कि उसे जान माल का खतरा बना हुआ है। ग्राम प्रधान की शिकायत पर कुंदरकी पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### जिला अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या, डॉक्टर दे रहे जीवन शैली बदलने की सलाह

# तनावग्रस्त जीवनशैली से उच्च रक्तचाप के शिकार हो रहे युवा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आधुनिक जीवन शैली अपनाने और तनाव से लोग हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) के शिकार हो रहे हैं। तेजी से हाइपरटेंशन मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिला अस्पताल में चिकित्सक ऐसे मरीजों को उपचार के साथ ही सलाह दे रहे हैं कि वे जीवन शैली को बदलें।

जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि ओपीडी में इस समस्या को लेकर प्रतिदिन 70 से अधिक मरीज आ रहे हैं। इनमें से आधे मरीज 40 वर्ष से कम उम्र के हैं। बताते हैं कि इसका मुख्य कारण तनाव में रहना, संतुलित भोजन न करना, भोजन में अधिक मात्रा में नमक, शराब का सेवन और जीवनशैली में सक्रियता का न होना है। उन्होंने बताया कि हाइपरटेंशन की समस्या अनुवांशिक भी हो सकती है। इससे ग्रसित मरीजों को मेटाबॉलिक सिंड्रोम, थायरॉइड, हाई ब्लड प्रेशर होता है। इस बीमारी से ग्रसित लोगों को हृदय रोग, लकवा, किडनी की बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है। सोडियम (नमक) ज्यादा और पोटेशियम की मात्रा शरीर में कम होने से भी ब्लड प्रेशर बढ़ने का खतरा अधिक रहता है। इसके लिए लोगों को संयमित जीवन शैली और संतुलित खानपान के साथ तनाव नहीं लेना चाहिए।



जिलाअस्पताल में पर्चा काउंटर पर लगी लाइन। ● अमृत विचार

**हाइपरटेंशन के लक्षण**
- तेज सिर दर्द
- सीने में दर्द
- बेचैनी
- घबराहट
- चक्कर आना
- आखों के आगे अंधेरा
- चिडचिड़ापन होना।

**बचाव के उपाय:** शरीर का वजन कम करना चाहिए, खाने में ज्यादा नमक न लें, नारियल पानी लें, तंबाकू व शराब का सेवन छोड़ें, जंक फूड से दूरी बनाएं, प्रतिदिन पांच ग्राम से कम नमक का सेवन करें, फल व सब्जियां खाएं, भोजन में कैलोरी की मात्रा कम लें।




# बीमारियों से बचाव का संकल्प, रैली निकाली

### डीएम ने हरी झंडी दिखा रवाना की जागरुकता रैली, 31 तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** 1 से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण विशेष अभियान का आरंभ मंगलवार को डीएम अनुज सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह के साथ जिला चिकित्सालय परिसर से जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर की। डीएम ने कहा कि इस अभियान को सभी मिलकर सफल बनाएंगे।

जिला मुख्यालय पर आयोजित जन जागरुकता रैली जिला चिकित्सालय से शुरू होकर कंपनी बाग आकर समाप्त हुई। डीएम ने लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए सावधानी बरतने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जुलाई महीने में स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, आईसीडीएस, कृषि, उद्यान और खाद्य सुरक्षा सहित अन्य विभागों की ओर से जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विभागों द्वारा की जाने वाली दैनिक गतिविधियों की मॉनिटरिंग स्वास्थ्य विभाग कंट्रोल रूम के माध्यम से करेगा।



जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम अनुज सिंह।


शपथ लेतीं आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री व स्वास्थ्य व अन्य विभागों के कर्मचारी।

- 11 से घर-घर जाकर जागरूक करेंगी आशाएं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि अभियान की सफलता में सभी का सहयोग जरूरी है। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां 11 जुलाई से शुरू हो रहे दस्तक अभियान के दौरान सक्रिय रहकर घर घर जाकर लोगों को संक्रामक बीमारियों के लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक करेंगी। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव, जिला मलेरिया अधिकारी पीएन यादव सहित अन्य चिकित्साधिकारी व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

**महानगर के वार्डों व गांवों में कराएंगे सफाई, होगा दवा का छिड़काव**
जिला मलेरिया अधिकारी प्रेम नारायण यादव ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत सभी वार्डों, मोहल्लों और गांव में नियमित साफ-सफाई, दवा का छिड़काव व सैनिटाइजेशन का कार्य होगा। इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर रैली निकालने के साथ ही सभी सीएचसी, पीएचसी पर अभियान की शुरुआत हो गई है। रैली निकालने के दौरान डीपीएम शेखर, अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर प्रमोद कुमार, एपिडेमियोलाजिस्ट अजीजुर रहीम, ममता सैनी, शरद पाल, अंकित शर्मा, सगीर अहमद आदि मौजूद रहे।

**अभियान की सफलता के लिए बना है प्लान**
मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए पूरा प्लान तैयार किया गया है। इस दौरान दस्तक अभियान भी चलेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए निगरानी टीम का गठन किया गया है। किसी भी स्तर पर कर्मचारियों की ओर से शिथिलता बरती जाने पर टीम सीएमओ कार्यालय में जानकारी देगी, जिस पर संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी।

## बेकरी के कुलचे में मिली फफूंद, डीएम सीएम से की शिकायत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बेकरी में पैकेट बंद कुलचे में फफूंद निकलने की शिकायत ग्राहक ने दुकानदार से की तो वह मानने को तैयार नहीं हुआ। ग्राहक ने मुख्यमंत्री व डीएम को टैग कर ऑनलाइन शिकायत की।

महानगर के रेस्टोरेंट, बेकरी में मानक विहीन खाद्य पदार्थ बिक्री की आए दिन शिकायतें मिलती हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग रस्म अदायगी के लिए त्योहारों के आसपास सैंपलिंग कर इतिश्री कर लेता है। जिससे दुकानदार व रेस्टोरेंट व होटल संचालक खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के प्रति बेफिक्र रहते हैं। पिछले दिनों कांठ रोड पर पीएसी के समीप एक बड़े रेस्टोरेंट में पास्ता में कीड़े निकलने की शिकायत पर हो हल्ला मचा था। ग्राहकों के दबाव में रेस्टोरेंट संचालक ने गलती मानते हुए खाद्य सामग्री बदली थी। अब प्रतिष्ठित बेकर्स के प्रतिष्ठान पर कुल्चे में कीड़ा निकला है। ऐसे गुणवत्ता विहीन खाद्य सामग्री से लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है। ग्राहक ने इसकी शिकायत कर जांच कराने की मांग की है।

# कंपनी का रिव्यू बढ़ाने के नाम पर युवक से 3.20 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एसएसपी के आदेश पर थाना सिविल लाइंस पुलिस ने तीन के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कंपनी को अच्छे सुझाव (रिव्यू) और फाइव स्टार रेटिंग देने के बदले रुपये देने का झांसा देकर एक युवक से ठगी कर ली गई। थाना सिविल लाइंस पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की पॉश कॉलोनी रामगंगा विहार फेस-1 निवासी मनीष गुप्ता ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके मोबाइल नंबर पर मीरा मोहन नाम की एक लड़की ने संपर्क किया। उसने खुद को अमेरिकी वालमार्ट कंपनी का प्रतिनिधि बताकर कहा कि अगर वह कंपनी के उत्पादों पर पांच सितारा रेटिंग और सकारात्मक सुझाव देगा तो हर उत्पाद के बदले 50 से 200 रुपये तक दिए जाएंगे। शुरुआत में दो बार उसे 5-5 हजार रुपये दिए गए, जिससे वह भरोसे में आ गया। बाद में उसे टेलीग्राम पर पाथ फॉर एवरीवन नामक ग्रुप में जोड़ा गया, जिसमें 66 सदस्य शामिल थे। बाद में उसे दो वेबसाइट के जरिये कई योजनाओं में शामिल किया गया और अधिक रुपये कमाने का लालच दिया गया।

इसके बाद मनीष से बीती 15 जून और 17 जून को कुल 3,20,870 रुपये चार अलग-अलग खातों में जमा कराए गए। पीड़ित के अनुसार मीरा मोहन, पूजा और विग्नेश नाम के तीन लोगों ने व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से रकम जमा कराने का दबाव बनाया तो उसे ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने एसएसपी से कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मोबाइल नंबर और बैंक खातों के आधार पर ठगों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# लिपिक ने कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस तक पहुंचा एडी बेसिक कार्यालय का मामला, ऑपरेटर पर रुपये हड़पने का आरोप

**अमृत विचार :** एडी बेसिक कार्यालय में मोबाइल से रुपये उड़ाने का मामला पुलिस तक पहुंचा गया। पीड़ित लिपिक ने थाना सिविल लाइन पुलिस को ऑपरेटर के खिलाफ तहरीर दी है। एडी बेसिक ने आरोपी संविदाकर्मी ऑपरेटर को नोटिस जारी किया है।

मंगलवार को एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह के कार्यालय में तैनात लिपिक याकूब ने बताया कि शनिवार को वह विभागीय कार्य से कार्यालय के बाहर गए थे। गलती से मोबाइल कार्यालय में ही छूट गया था। आरोप लगाया कि कार्यालय में कार्यरत एक कंप्यूटर ऑपरेटर ने उनके मोबाइल से 77 हजार की धनराशि किसी नंबर पर ट्रांसफर कर दी है। जब वह लौटे तो मोबाइल कंप्यूटर ऑपरेटर के पास था। लिपिक के मुताबिक उसे रुपयों के निकल जाने का पता घर आकर लगा। जिसके बाद सोमवार को लिपिक ने एडी बेसिक को जानकारी दी। एडी बेसिक ने आरोपी को बुलाकर मामले की जानकारी की लेकिन ऑपरेटर उस पर लगे आरोप से इंकार करता रहा। जिसके बाद उसका मोबाइल चेक किया गया, जिसमें एक नंबर पर नई पार्टी फंसने का मैसेज भेजा गया था। लिपिक ने कंप्यूटर ऑपरेटर पर रुपये उड़ाने के आरोप में सिविल लाइन पुलिस को तहरीर दी है। एडी बेसिक ने बताया कि जानकारी मिली है। इस पर ऑपरेटर को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है। लिपिक की ओर पुलिस को भी तहरीर दी गई है। पुलिस की जांच दोषी साबित होने पर ऑपरेटर के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई होगी। सेवा भी समाप्त हो सकती है।

# संदिग्ध हालात में छत से गिरी महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अंतिम संस्कार की तैयारी के दौरान पहुंची पुलिस

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला सोमवार की रात छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सदर कोतवाली के मोहल्ला कंजरी सराय निवासी सुनील की पत्नी आकांक्षा गुप्ता बीते सोमवार की रात बेटे के साथ तीसरी मंजिल की छत पर थी। तभी सुनील ने बेटे को फोन कर बाइक लेकर बुला लिया। छत पर आकांक्षा रह गई। इसी बीच वह संदिग्ध हालात में तीसरी मंजिल से गली में गिर गई। शोर सुनकर लोग पहुंच गए। पति भी पहुंचे। परिजन उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर गए। जहां से हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। परिजन दिल्ली रोड स्थित एक निजी अस्पताल लेकर जा रहे थे। तब तक आकांक्षा गुप्ता ने रात लगभग एक बजे दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव को लेकर घर आ गए।

मंगलवार दोपहर अंतिम संस्कार करने की तैयारी चल रही थी। तभी किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। जानकारी पर सीओ सुनीता दहिया कोतवाली पुलिस के साथ पहुंच गईं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि महिला का शायद पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गई। इस मामले में कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। जांच कराई जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**हादसे में कबाड़ी की मौत, पिता-पुत्र घायल**
**भोजपुर, अमृत विचार :** मंगलवार की दोपहर 12 बजे जनपद रामपुर से पुराने प्लास्टिक की खरीदारी करके लौट रहे पूर्व सभासद मो. सज्जाद, बेटा सोहिल व पड़ोसी अब्दुल कयूम मियां थाना मूंढापांडे क्षेत्र में टेंपो पलटने से गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस से घायलों को उपचार के लिए रामपुर जिला अस्पताल ले गई। उपचार के दौरान कबाड़ी अब्दुल कय्यूम शाह की मौत हो गई।

**वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत, शिनाख्त नहीं**
**छजलैट, अमृत विचार :** सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम रजपुरा के पास बीती रात्रि किसी समय नूरपुर छजलैट मार्ग पर वाहन ने अज्ञात व्यक्ति को टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। मंगलवार सुबह राहगीर की सूचना पर छजलैट पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। जहां सड़क किनारे शव मिला। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# किराएदार से घर खाली कर दो कहना पड़ा भारी, मकान मालकिन को पीटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** किराएदारों द्वारा मकान खाली करने से इंकार करते हुए मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार हनुमान नगर निवासी गुड़िया ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके मकान में उनके चचेरे भाई शेखर उर्फ भूतन और सोनम पुत्र दिलीप किराए पर रहते हैं। पीड़िता के अनुसार बीती 28 जून की रात लगभग 9:30 बजे जब उन्होंने किराएदारों से मकान खाली करने को कहा तो शेखर उर्फ भूतन, सोनम और शेखर की पत्नी सोनिया ने झगड़ा शुरू कर दिया। पहले गाली-गलौज की और मना करने पर शेखर ने ईंट से गुड़िया के सिर पर वार कर दिया। वहीं सोनम और सोनिया ने डंडों से उसके पति रामानंद की पिटाई कर दी। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घायल पति का थाने के माध्यम से मेडिकल परीक्षण कराया गया। पीड़िता ने बताया कि शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया, जिससे जान बच सकी। थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर शेखर उर्फ भूतन, सोनम और सोनिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**जेठानी समेत तीन पर गर्भवती से मारपीट का आरोप**
**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गर्भवती ने जेठानी व उसके बेटे व बेटी पर लाठी-डंडों से मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना मुगलपुरा क्षेत्र के वारसीनगर गली नंबर 2 निवासी उमर यासीन की पत्नी जीनत जहां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका और जेठानी का परिवार एक ही मकान में रहता है। जीतन जहां के अनुसार उसने घर का बिजली बिल जमा करने के लिए जेठानी नसरीन से कहा तो उसने अपने हिस्से का बिल देने से मना कर दिया। इतना ही नहीं गाली गलौज करने लगी। मना करने पर भी नहीं मानी और अपने बच्चों को बुला लिया। आरोप है कि बाद में नसरीन ने अपनी बेटी नूरी और बेटे फैज के साथ मिलकर उसे लाठी-डंडे से पीट दिया। पीड़िता के अनुसार वह गर्भवती है इसके बावजूद आरोपियों ने जमीन पर गिरा कर मारा। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने बचाया। जिसके बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। थाना मुगलपुरा के प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तेंदुआ, लोगों में मची भगदड़

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गिंदोड़ा के निवासी गुरमीत ने बताया कि सुबह 6:00 बजे जब वह खेतों पर गया तो वहां तेंदुआ टहलते हुए दिखाई दिया।

अमरोहा के डिडौली निवासी बाजिदपुर के रवि ने बताया कि पेट्रोल पंप के पास मंगलवार दिन में करीब 12:00 बजे कई लोग दुकान पर बैठे थे। तेंदुआ पेट्रोल पंप के सामने से निकलकर सड़क पर आ गया। लोगों में भगदड़ मच गई। लेकिन तभी आ रहे ट्रक को देखकर तेंदुआ वापस खेतों में चला गया। इस पर लोगों ने राहत की सांस ली। लोगों को सतर्क किया गया कि बाहर निकलते समय सतर्कता रखें क्योंकि तेंदुआ अब बस्ती की ओर आ चुका है। लोगों ने बताया कि वन विभाग ने सिर्फ एक बार ही लोधीपुर गांव में पिंजरा लगाया था। तेंदुआ उसमें नहीं आया। उसके बाद कई बार गांव में तेंदुआ दिखाई दिया है। लेकिन अभी तक कि पिंजरा नहीं लगा है।

**ये कैसा विकास** | ग्रामीणों ने जिम्मेदारों पर लगाया अनदेखी का आरोप

# छजलैट में दम तोड़ रहा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गांव में पसरी गंदगी में पनप रहे जहरीले कीड़े के काटने से लोग पड़े बीमार
- ग्राम प्रधान और सचिव की लापरवाही से लोग संक्रामक बीमारी की चपेट में

**अमृत विचार:** संचारी रोग की रोकथाम का अभियान छजलैट ब्लॉक के गांव की सड़कों पर दम तोड़ रहा है। गांव पचोकरा में फैली गंदगी में पनप रहे जहरीले कीड़ों के काटने से गांव में संक्रामक रोग फैल रहा है। ब्लॉक छजलैट में पहले भी गंदगी पर तत्कालीन सीडीओ ने कई ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित किया था। गांव वाले प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव पर अनदेखी का आरोप लगा रहे हैं।

छजलैट ब्लॉक के गांवों में संचारी रोग की रोकथाम कागजों तक सीमित है। पचोकरा गांव में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का असर नहीं है। मुख्य मार्ग पर और सड़कों पर एक महीने से नाली का पानी भरा पड़ा है। सफाई न होने से सड़कों पर भरे पानी में बदबू और जहरीले कीड़े पनप रहे हैं। गांव के चौधरी अशोक ने बताया कि उनके घर के आगे नालियों में पानी का निकास नहीं है और कूड़ा भरा है। गंदे पानी में पनप रहे कीड़े के काटने से उनके एक हाथ में संक्रमण फैल गया। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान और सचिव से सफाई कराने के लिए कहा तो सफाई कर्मचारी के न आने की बात कहकर टाल दिया। गांव के तालाब में भरा गंदा पानी भी सड़कों पर बह रहा है। जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है।


गांव के मुख्य मार्ग में एकत्र नालियों का पानी व कीचड़। ● अमृत विचार


छजलैट ब्लॉक के गांव पचकोरा की सड़कों और गलियों में भरा पानी।

> संचारी रोग की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। ब्लॉक में जो बड़ी ग्राम पंचायतें हैं उनमें अतिरिक्त सफाई कर्मचारी लगाकर सफाई करा रहे हैं। गांव पचोकरा में गंदगी की शिकायत मिली है। बुधवार को गांव में अतिरिक्त सफाई कर्मचारी भेज कर सफाई कराई जाएगी।
> –**इरफान मलिक**, एडीओ पंचायत

## घर से लापता हुईं तीन बच्चियां, मची खलबली

**कुंदरकी, अमृत विचार:** मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी एक व्यक्ति की 4, 8 और 11 वर्ष की तीन बच्चियां संदिग्ध हालात में घर से लापता हो गई।

शाम तक बच्चियां घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने तलाशना शुरू किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। सूचना कुंदरकी पुलिस को दी गई। पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। देर रात पुलिस को सूचना मिली कि बच्चियां मैनाठेर क्षेत्र के गांव पहुंच गई हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप शेरावत ने बताया कि वह लोग मैनाठेर के ग्राम लालपुर हमीर से तीनों बच्चियां बरामद हो गई हैं। बताया कि लालपुर हमीर के ग्राम वासियों द्वारा उनके वहां पहुंचने की सूचना दी गई है। ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम निवासी शाकिर पुत्र अफसर अली की तीन बच्चियां अलीना, अल शिफा और इल्मा घर से लापता हो गई थी जिनका अब पता चल चुका है।

# कटघर पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़े दो गो तस्कर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- तीन दिन पहले रहमत नगर में की थी गोकशी

**अमृत विचार :** कटघर थाना पुलिस ने गोकशी के इरादे से जा रहे दो गो तस्करों से बीते सोमवार की देर रात मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने गोतस्कर मुन्ना और नफीस के पैर में गोली मारकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने गुलफाम के साथ मिलकर तीन दिन पहले गोकशी की थी।

थाना कटघर क्षेत्र के रहमत नगर में बीती 28 जून को एक खाली पड़े प्लाट में गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिली थे। जिसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस पहुंची और अवशेष को जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर दबा दिया था। पुलिस ने प्लाट स्वामी इकबाल के शिकायती पत्र के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने जांच शुरू की तो गुलफाम उर्फ पऊआ, मुन्ना और जाहिद के नाम सामने आए। पुलिस इनकी तलाश में जुटी थी। सोमवार की रात पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि दो लोग गो तस्करी के इरादे से स्कूटी से शाहबाद की तरफ जाने की तैयारी कर रहे हैं। जानकारी के बाद पुलिस शाहबाद रोड पर चेकिंग शुरू कर दी। तभी एक स्कूटी आती हुई दिखाई दी, लेकिन स्कूटी सवारों को घेरने का प्रयास किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते गोतस्कर मुन्ना निवासी जाहिद नगर और नफीस रहमत नगर के पैरों में गोली मारकर दबोच लिया। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि दो गो तस्करों को मुठभेड़ के दौरान थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीसरे की पुलिस तलाश कर रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दूल्हा-दुल्हन पक्ष में जमकर मारपीट, पुलिस पर भी किया पथराव

## दो दरोगा समेत 4 पुलिस कर्मी घायल, बरात चढ़त के दौरान मामूली बात पर बरातियों-घरातियों में हुआ विवाद

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- तीन थानों की पुलिस ने किसी तरह संभाले हालात, मौके पर भारी पुलिस बल तैनात
- पुलिस ने 40 के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट, नामजद महिला सहित 22 आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार :** संभल जिले के धनारी थाना क्षेत्र में बरात चढ़त के दौरान मामूली बात पर दूल्हा और दुल्हन पक्ष में जमकर मारपीट हुई। पुलिस पर भी पथराव किया गया। दो दरोगाओं सहित चार पुलिस कर्मी घायल हो गए। तीन थानों की पुलिस ने हालात संभाले। पुलिस ने 40 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर महिला सहित 22 लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर लिया। बवाल के दौरान दूल्हा भी बग्गी से कूदकर भाग गया। शादी की रस्में नहीं होने पर दुल्हन का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

धनारी थाना क्षेत्र के गांव डरौली निवासी जसवंत की बेटी मंजू की शादी रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव हरदासपुर निवासी अंकित पुत्र सोपाली के साथ तय हुई थी। सोमवार को रात करीब 9 बजे बारात गांव डरौली में पहुंची। देर रात बारात चढ़त शुरू हो गई। डीजे पर डांस करने के दौरान दूल्हा पक्ष के व्यक्ति का पैर कीचड़ में चला गया। इस दौरान कीचड़ दुल्हन पक्ष के व्यक्ति पर गिर गया। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि कुछ ही देर में दोनों पक्षों की ओर से मारपीट और तोड़फोड़ शुरू हो गई। इतना ही नहीं, पथराव भी किया जाने लगा।

सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हालात संभालने का प्रयास किया तो पुलिस पर भी पथराव कर दिया। दरोगा अंकित कुमार, वसंत यादव, सिपाही पवन ढाका और अजय सिरोही घायल हो गए। बवाल बढ़ने पर गुन्नौर और रजपुरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और हालात संभाले। घायल दरोगाओं और सिपाहियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इस मामले में दरोगा अंकित कुमार ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पूरे मामले में 40 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिनमें 22 नामजद और 18 अज्ञात हैं। महिला सहित 22 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए चालान कर किया गया है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि दो पुलिस कर्मी शराब के नशे में थे। उन्होंने आते ही बेल्ट और लाठियों से ग्रामीणों से मारपीट शुरू कर दी जिसके बाद हालात बेकाबू हो गए।


डरौली गांव में बवाल के बाद गिरा पंडाल व बिखरा सामान। ● अमृत विचार

### दूल्हा बग्गी से कूदकर भागा, नहीं हो सकी शादी की रस्में

दूल्हा और दुल्हन पक्ष के लोगों में जब मारपीट शुरू हुई तो दूल्हा घबरा गया। पुलिस के पहुंचने पर पथराव कर दिया गया। इस बीच दूल्हा बग्गी से कूदकर भाग गया। हालांकि पुलिस ने बवाल को शांत करा दिया लेकिन शादी की रस्में नहीं हो सकी। शादी नहीं होने पर दुल्हन मंजू के हाथों पर मेहंदी रची रह गई। वह फूट फूट कर रोती रही।


मेंहदी लगाये उदास बैठी दुल्हन।

### एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात

धनारी थाना क्षेत्र के गांव डरौली में सोमवार को देर रात हुए बवाल को लेकर तीन थानों की पुलिस ने किसी तरह हालात संभाले। पहले घरातियों और बारातियों में मारपीट और फिर पुलिस पर पथराव किए जाने की घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस अधिकारियों के निर्देश दिए पर डरौली गांव में दो दर्जन पुलिस कर्मी तैनात कर दिए गए। पुलिस कर्मी हरेक गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। वहीं पुलिस अधिकारी भी हालात की जानकारी ले रहे हैं।

### पुलिस ने 22 आरोपी किए गिरफ्तार

पुलिस ने इंद्रजीत निवासी गांव डरौली, अमित निवासी गांव खेपड़ी थाना आदमपुर, भूरी निवासी गांव डरौली, पवन निवासी मनोना धाम आंवला बरेली, बालेश निवासी गांव खड़पड़ी थाना आदमपुर, प्रशांत भारती निवासी गांव केशवपुर थाना रजपुरा, जमुना निवासी गांव गोधनपुर थाना रजपुरा, जयवीर निवासी गांव मोहब्बतपुर थाना रजपुरा, विजेंद्र निवासी गांव बिसौली बदायूं, शिशुपाल निवासी गांव उदरनपुर थाना रजपुरा, सतीश निवासी सरथल थाना जरगांव, बिट्टू सिंह निवासी गांव फतेहपुर थाना संभल, नन्हें निवासी बिसौली थाना बिसौली, सुनील निवासी अड्डूपुरा थाना बिसौली, चंद्रपाल, उमेश, राजेश, चमन, नेम सिंह, अनेक सिंह हरवीर निवासीडरौली, विनोद निवासी गांव बाघऊ थाना गुन्नौर को गिरफ्तार करते हुए चालान कर दिया। रिपोर्ट में इन्हें नामजद किया गया है जबकि 18 अज्ञात हैं। जिन्हें चिह्नित करने का काम पुलिस ने शुरू कर दिया है।



बवाल को लेकर धनारी पुलिस की गिरफ्त में 22 आरोपी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### सीने में उठे दर्द के बाद होटल कर्मचारी की मौत

**बहजोई, अमृत विचार :** बुलंदशहर के थाना खुर्जा के गांव सीरियल निवासी जितेंद्र गांव पाठकपुर स्थित कान्हा विहार होटल पर काम करता था। अचानक सीने में दर्द उठा और वह बेहोश हो गया। उसे बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहाया गया जहां चिकित्सक ने उमृत घोषित कर दिया।

### कुत्ते ने बच्चे को काटकर किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** मोहल्ला कोट निवासी अयान को मंगलवार को आवारा कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। परिजन अयान को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टर ने एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया।

### मार्ग पर पलटने से बची ईंटों भरी ट्रैक्टर ट्राली

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** संभल जोया मार्ग से गांव दारापुर, सकतपुर, बाबूखेड़ा को जाने वाला संपर्क मार्ग जर्जर हो गया है। मंगलवार को ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से बची। गांव दारापुर के मौअज्जम अली, मोहम्मद आलम, नासिर अली, अकील, मुनीस, वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस मार्ग पर आमने–सामने से आए वाहनों का गुजरना मुश्किल है।

### कॉलेज ने डॉ.सिद्धार्थ को किया सम्मानित

**रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा के सिपाही लाल स्मारक किसान इंटर कॉलेज में डॉक्टर्स डे पर डॉ. सिद्धार्थ गुप्ता का स्वागत किया गया। कॉलेज अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, प्रबंधक अवधेश कुमार यादव, प्रधानाचार्य रामबाबू की ओर से कार्यक्रम हुआ। डॉ .सिद्धार्थ ने रोगों से बचाव के तरीके बताए।

### सुंदर कांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से बारहसैनी धर्मशाला में श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। पंडित दीनदयाल शर्मा ने पूजन कराया। केजी शर्मा, विशाल शर्मा, विजय अग्रवाल, क्रांति कुमार, प्रभा रानी, सुनील अग्रवाल, ऋचा अग्रवाल, तान्या अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, राजीव शर्मा ने सुंदर कांड का वाचन किया। नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो,पकड़ लो हाथ रघुराई नहीं तो डूब जाएंगे आदि भजन सुनाए। अजय सक्सेना, आलोक दुबे, रमेश ग्रेवाल, कल्पना वार्ष्णेय, सुदर्शन वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# स्कूलों में लौटी रौनक, बच्चों का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

- करीब डेढ़ माह के ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल पहुंचे बच्चे

**अमृत विचार :** परिषदीय और निजी स्कूलों में डेढ़ माह से भी अधिक समय का ग्रीष्मावकाश खत्म होने के साथ ही बच्चों की मस्ती का टाइम भी बीत गया। मंगलवार को विधिवत जनपद के स्कूल भी खुल गए। लंबी छुट्टियों के बाद स्कूल पहुंचे छात्र छात्राओं का तिलक लगा और पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया।

गर्मी की छुट्टियां बीत जाने के बाद अब पढ़ाई के साथ स्कूलों में बच्चों के नामांकन पर जोर देने की कवायद के तहत स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण का आगाज हो गया। मंगलवार को गुन्नौर तहसील के कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर में स्कूल पहुंचने पर पहले दिन शिक्षकों ने बच्चों को रोली तिलक लगाया। मिड डे मील में हलवा परोसा गया। प्रधानाध्यापक ब्रजकिशोर ने बताया कि एक अप्रैल से नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के डेढ़ महीने बाद 15 मई से स्कूलों में ग्रीष्मावकाश घोषित कर दिया गया था।

अब स्कूल खुलने के बाद स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण की कवायद शुरू होगी। ग्रीष्मावकाश 15 जून को ही समाप्त हो गया, लेकिन गर्मी के कारण बच्चों की छुट्टी 30 जून तक बढ़ा दी गई थी, लेकिन शिक्षक विद्यालयों में पहुंचकर जरूरी काम निबटा रहे थे। विभागीय निर्देशानुसार 30 जून तक स्कूलों में साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को पूरा किया गया। मंगलवार को स्कूल खुलने पर बच्चों के आने से स्कूलों में चहल-पहल बढ़ गई है।


रसूलपुर कंपोजिट विद्यालय में बच्चों को तिलक लगाते शिक्षक व शिक्षिकाएं।

### बच्चों को तिलक लगाया

**रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा ब्लाम के गांव जहांनपुर के स्कूल में शिक्षकों ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। बच्चों को पुष्प भी भेंट किए। 6 साल तक के बच्चों का स्कूल में नामांकन किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक गौरव यादव ने बताया कि 31 जुलाई तक संचारी रोग अभियान चलेगा। जिसमें बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। शिक्षक तेजपाल सिंह ने निपुण विद्यालय घोषित होने पर बच्चों को खीर और मिष्ठान वितरित किया। इस दौरान नसीम अहमद, जगवीर सिंह आदि रहे।

## पालिका की दुकानों का किराया बढ़ाने का विरोध

**चन्दौसी, अमृत विचार:** नगर पालिका की दुकानों के किरायेदारों ने राज्यमंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन सौंपा। पालिका की दुकानों पर 500 से 600 किरायेदार हैं। दुकानदारों ने बताया कि पहले 5 वर्ष का अनुबंध होता है, अब 11 माह का किया जा रहा है। 5 लाख रुपये सिक्योरिटी मांगी जा रही है। बहुत से दुकानदार 5 लाख की सिक्योरिटी नहीं दे सकते। अतिक्रमण के दौरान पालिका की दुकानें तोड़ी गई, जिसमें कुछ किराएदार दुकानदारों को दुकानें नहीं मिली हैं। नगर पालिका ने 2022 से 70 दुकानदारों से स्टांप ले लिए, मगर उन्हें अनुबंध नहीं दिए गए हैं। समस्या का समाधान नहीं किया जाता तो वे आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में निशांत कुमार, अनूप कुमार, पवन कुमार, सुधीर गुप्ता, राकेश दुआ, अभिषेक छाबड़ा, हरीश कुमार, सतीश अरोरा, विश्वपाल सिंह, विजय कुमार रस्तोगी, अतुल सिंह, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पांचवीं मोहर्रम पर गमगीन माहौल में निकले जुलूस



**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी में मोहर्रम की पांचवीं तारीख को अजाखानों और घरों में मजलिसों मातम का सिलसिला जारी रहा। जफर हुसैन के मकान पर मजलिसे अजा शुरू हुई। जुलूस इमाम बारगाह सादात में जाकर संपन्न हुआ। अंजुमने हैदरी सिरसी की ओर से मजलिसे अजा बाबर अली के मकान पर शुरू हुई जिसमें मर्सिया और हदीस के बाद अलम ए मुबारक जुलूस निकाला गया। जुलूस निर्धारित रास्तों से होता हुआ इमाम बारगाह सादात में संपन्न हुआ। मौलाना इस्तेखार हुसैन के मकान पर मजलिसे अजा हुई। इमाम हुसैन के भांजे ओनो मोहम्मद का कदीमी जुलूस निकाला गया। अंजुमने जुल्फेकार ए हैदरी, गुलदस्ते ए हैदरी, हाशमी हैदरी, गुलजारे हुसैनी, पंजेतनी, दिलदारे हुसैनी, करवाने हुसैनी, सफीनाए अजा, मीसमे अजा ने नौहाख्वानी पढ़ी। जुलूस इमाम बारगाह सादात में जाकर समाप्त हुआ।

### अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए श्रद्धालु



**संभल , अमृत विचार :** संभल जिले से अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की रवानगी का सिलसिला शुरू हो गया है। शहर के मोहल्ला बरेली सराय से आधा दर्जन श्रद्धालु मंगलवार को अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए। श्रद्धालुओं ने सूर्यकुंड तीर्थ मंदिर में पूजा अर्चना की। ये जत्थ दर्शन कर 10 जुलाई को लौटेगा। इस दौरान अभिषेक, अर्जुन, प्रिंस, लता देवी, वासु मिश्रा, प्रशांत शर्मा आदि रहे। वहीं शहर के व जनपद के दूसरे इलाकों से भी श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण स्वच्छ रखने का संदेश




**संभल/असमोली, अमृत विचार :** जेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज असमोली के परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य मोहम्मद मूनिस, क्षेत्रीय वन अधिकारी मनोज कुमार तथा उप क्षेत्रीय वन अधिकारी उस्मान अली ने विभिन्न पौधों का रोपण किया। पौधरोपण कार्यक्रम 7 जुलाई तक चलेगा। इस बीच चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने हिस्सा लिया। वन दरोगा मोहित कुमार, वनरक्षक आशुतोष, मनोज चौधरी, विनोद कुमार, शिक्षक और छात्र छात्राएं रहे।

### अखिलेश यादव के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल



**संभल, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली ने जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए और उनका हालचाल जाना। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कड़ी मेहनत कर पार्टी की जीत सुनिश्चित कराएंगे। हाफिज वसीम, रमीज राजा, आमिर तुर्की, डॉ .मुस्तफा, मोहम्मद नदीम, नवील अहमद, इंजमाम, शब्बीर, अब्दुल्ला, मोहम्मद दानिश आदि रहे।

### चीनी मिल मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री बने विजेंद्र सिंह




**संभल/असमोली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय शुगर मिल एवं डिस्टलरी मजदूर संघ का तेरहवां अधिवेशन 28 जून से 29 जून तक ईस्ट यूनिवर्सिटी गंगानगर मेरठ में हुआ जिसमें उत्तर प्रदेश चीनी मिल मजदूर संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। डीएसएम शुगर मिल असमोली के विजेंद्र सिंह को दूसरी बार उत्तर प्रदेश चीनी मिल मजदूर संघ का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया। विजेंद्र सिंह का असमोली शुगर मिल में कर्मचारियों ने स्वागत किया। मदन कुमार, अरुण कुमार, मुकेश कुमार, अजय पाल, कमल सिंह, ऋतिक रंजन, राजेश कुमार आदि रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए करें पौधारोपण

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** वन महोत्सव सप्ताह व राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस का आयोजन किया गया। एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत डीएम सहित व अन्य ने पौधारोपण किया।

भगत जी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डीएम राजेंद्र पैंसिया ने पौधारोपण किया। वहीं छात्र-छात्राओं शिक्षकों ने मिलकर अपनी माता के नाम पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डीएम ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए। इसके बाद राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। जिसमें डॉ. आलोक, डॉ. नितिन गुप्ता, डॉ. निधि सक्सैना, डॉ. महेश बाबू, डॉ. संजय वाष्र्णेय, डॉ. दिलीप वार्ष्णेय, डॉ. शिखा वाष्र्णेय, डॉ. भारत वार्ष्णेय, डा. सरताज अली को सम्मानित किया गया. इस दौरान बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू, सर्वेश भगत जी, विमलेश वार्ष्णेय, पारुल वार्ष्णेय, भावना वार्ष्णेय, वन क्षेत्र अधिकारी प्रीति यादव, संयुक्त प्रभागीय वनाधिकारी प्रभात कुमार आदि मौजूद रहे।



पौधा लगाते डीएम राजेंद्र पैंसिया।

- डीएम ने एक पेड़ मां के नाम थीम के अंतर्गत लगाया पौधा

## जमीन के विवाद में चले लाठी डंडे, आठ घायल

**बहजोई,अमृत विचार:** बहजोई के गांव बहादुर नगर निवासी परमवीर व प्रदीप में जमीनी विवाद चल रहा था। परमवीर अपने खेतों पर सिंचाई कर रहा था तभी प्रदीप अपने परिवार के संग लाठी डंडे लेकर आ धमके और परमवीर के परिवार के साथ गाली गलोच करने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष के लोगों के बीच लाठी डंडे चले। एक पक्ष के परमवीर , हरिशंकर , ओमवीर घायल हो गए। दूसरे पक्ष के प्रदीप,उसकी बहन अनीता, उषा, नमेवती तारावती घायल हो गए। दोनों पक्षों के आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुए। चिकित्सक ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया। कोतवाल हरीश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। जांच करने के बाद आगे की कारवाई की जाएगी।

# उफना रही गंगा, 16 बाढ़ चौकियां स्थापित

संवाददाता, बबराला

- हरिद्वार व बिजनौर बैराज से छोड़े गए पानी के कारण बिगड़ रही स्थिति
- गंगा बैराज की डाउन स्ट्रीम में खतरे से मात्र 64 सेंटीमीटर नीचे है पानी

**अमृत विचार:** उत्तराखण्ड के पहाड़ों और मैदानी क्षेत्रों में बरसात एवं हरिद्वार व बिजनौर गंगा बैराज से छोड़े गए पानी के चलते नरौरा के चौधरी चरण सिंह बैराज पर गंगा का जलस्तर हाई फ्लड की ओर बढ़ रहा है।

मंगलवार शाम नरौरा के गंगा बैराज की डाउन स्ट्रीम में पानी की उपलब्धता 178.12 मीटर दर्ज की गई, जो डेंजर लेवल से मात्र 64 सेंटीमीटर नीचे है। राजघाट गंगा में गंगा के जलस्तर में एक फुट की वृद्धि हुई है। गंगा का पानी आरती स्थल की तीन सीढ़ियों पर चढ़ चुका है। मंगलवार सुबह छह बजे नरौरा गंगा बैराज की डाउन स्ट्रीम में पानी की उपलब्धता 178.04 मीटर थी। सुबह से शाम तक दस घंटे में ही गंगा के जलस्तर में आठ सेमी की वृद्धि हुई है। जिसके चलते गंगा का जलस्तर हाई फ्लड की ओर बढ़ रहा है। चौधरी चरणसिंह गंगा बैराज नरोरा पर 2,50,000 क्यूसेक जलराशि की उपलब्धता पर गंगा का जलस्तर डेंजर जोन में पहुंच जाता है। सिंचाई विभाग के अभियंता अंकित सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम बैराज से गंगा नदी की डाउन स्ट्रीम में 1,28,716 क्यूसेक पानी प्रति सेकंड की निकासी की जा रही है। जबकि सुबह छह बजे 1,16,512 निकासी की गई थी। उन्होंने बताया कि बारिश के चलते गंगा का जलस्तर बढ़ा है। बारिश जारी रही तो जलस्तर और बढ़ सकता है। इधर, तहसील क्षेत्र के गंगा तटीय खादर क्षेत्र में निचले इलाके के गांवों में बाढ़ की आशंका के मद्देनजर प्रशासन सतर्क हो गया है। तहसीलदार अखिलेश कुमार ने बताया कि 16 बाढ़ चौकियां स्थापित कर सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।


बबराला के नरौरा बैराज पर उफनाई गंगा। ● अमृत विचार

# सर्राफ से लूट में वांछित बदमाश मुठभेड़ में दबोचा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- साथी फरार हो गया, बदमाश के पैर में लगी पुलिस की गोली
- 11 जून को सर्राफ देवर-भाभी से की थी करीब 10 लाख की लूट

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के असालतपुर जारई मार्ग पर वाटर पार्क के पास 11 जून को बाइक सवार सर्राफ देवर-भाभी से लूटपाट में वांछित बदमाश को पुलिस ने मंगलवार की शाम मुठभेड़ में दबोच लिया। बदमाश के दाये में गोली लग गई। दूसरा बदमाश फरार हो गया। बदमाश के पास से 8700 रुपये, एक बाइक, तमंचा व 3 कारतूस बरामद किए।

मंगलवार की शाम 5 बजे चन्दौसी-बेरनी मार्ग पर कोकावास पुल के पास पुलिस ने एक बाइक सवार 2 लोगों को रोकने का प्रयास किया। बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के दाये पैर में गोली लगी और वह गिर गया जबकि उसका साथी फरार हो गया। एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव व सीओ अनुज कुमार मौके पर पहुंच गए और जानकारी की।

एएसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश का नाम चमन प्रकाश उर्फ लखविंदर निवासी गांव गैला टांडा थाना नवाबगंज जनपद बरेली है। 11 जून की शाम सर्राफ अनोज कुमार अपनी भाभी मोनिका के साथ बाइक से चन्दौसी लौट रहा था। असालतपुर जारई के पास वाटर पार्क के पास बाइकों पर सवार 5 बदमाशों ने महिला से दो बैग छीन लिए। बैग में करीब 10 लाख के जेवर व 50 हजार रुपये थे।


घटनास्थल पर जांच करती फोरेंसिक टीम व पास खड़े एएसपी। ● अमृत विचार


घायल बदमाश चमन प्रकाश।

# अखिलेश का जन्मदिन मनाकर सरकार बनाने का लिया संकल्प


बहजोई में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते सपा कार्यकर्ता।

**बहजोई,अमृत विचार:** बहजोई बबराला मार्ग स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में संभल के विधायक नवाब इकबाल महमूद, गुन्नौर के विधायक राम खिलाड़ी सिंह यादव, जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया।

पूर्व मंत्री नवाब इकबाल महमूद ने कहा कि 2027 में सपा सरकार बनाते हुए अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का सभी कार्यकर्ता संकल्प लें। राम खिलाड़ी सिंह यादव ने कहा कि 2027 में मुख्यमंत्री बनाना ही जन्मदिन का तोहफा होगा। विमलेश कुमारी, शोभित कुमार काका, सद्दाम कुरेशी, चेतन गुप्ता, कमल शर्मा,अमित यादव, ताहिर उल्ला खान, उमेश यादव, ओमप्रकाश प्रजापति, अशोक यादव, संगीता पाल, शकुंतला देवी, शिवकुमार वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### फंदे पर लटका मिला मजदूर का शव

**आदमपुर,अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव शाहदरा मिलक में 45 वर्षीय मजदूर का शव गांव के ही पास शिव मंदिर के निकट तालब में आम के पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी से फांसी के फंदे पर लटका मिला शव। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर अपने कब्जे में लिया। मृतक बलवीर पुत्र रघुनाथ सिंह उम्र 45 वर्ष के रूप में पहचान हुई। मृतक अविवाहित थे। मृतक पांच भाई बहनों में तीसरे नंबर के थे और गांव में ही मेहनत मजदूरी करके अपना पालन पोषण करते थे।

### ट्रैक्टर की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** बिजनौर के जलीलपुर इलाके में दतियाना रोड पर एक सड़क हादसे में बाइक मैकेनिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान चरण सिंह (32) के रूप में हुई है। वह गांव चहला, थाना शिवाला कला के निवासी थे। चरण सिंह धिमरपुरा गांव में दावत से बाइक पर ससुराल लौट रहे थे। दतियाना रोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# स्कूल में पहले दिन बच्चों का किया भव्य स्वागत

## ग्रीष्म अवकाश के बाद पहुंचे बच्चों को एमडीएम में हलवा खिलाया

संवाददाता, हसनपुर



बच्चों का तिलक लगाकर एवं माला पहनकर स्वागत करते अध्यापक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्कूल खुलने के पहले दिन मंगलवार को विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में विद्यालय आने वाले बच्चों का फूल मालाएं पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

प्रधानाध्यापक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद आज परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का स्कूल में प्रथम दिन है। उनका फूल मालाएं पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी छात्र छात्राओं से प्रतिदिन नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। स्कल में बच्चे भी काफी खुश नजर आए। बच्चों को मध्याह्न भोजन करने के अन्तर्गत हलवे का वितरण किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इन्द्र सिंह,ग्राम प्रधान राजकुमार,सहायक अध्यापक अमित कुमार, मनीष कुमार,अजय सागर, राशिद अली, रेनू कंसल आदि उपस्थित रहे।

**बच्चों के रोली व अक्षत का तिलक लगाया : अमरोहा।** गर्मियों के अवकाश के बाद परिषदीय स्कूल शुक्रवार को विधि-विधान रूप से खुल गए हैं। विद्यालय पहुंचे छात्र-छात्राओं को शिक्षक शिक्षिकाओं ने मस्तक पर तिलक लगाकर स्वागत किया।

बता दें कि ग्रीष्म अवकाश प्रारंभ होने के बाद से विद्यालय बंद चल रहे थे। शासन द्वारा स्टॉफ के लिए 26 जून से विद्यालय खोलने के आदेश थे, जबकि 1 जुलाई से बच्चों को बुलाने का आदेश दिया गया था। इसी आदेश के मुताबिक 1 जुलाई को विद्यालय में बच्चों का आगमन हो गया। अमरोहा ब्लॉक बगला स्थित परिषदीय स्कूल में शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनके मस्तक पर रोली व अक्षत से तिलक लगाकर स्वागत किया। शिक्षक शिक्षिकाओं ने पहले दिन बच्चों से उनके छुट्टियों में किए गए काम या घूमने फिरने के बारे में पूछा। फिर समर कैंप का संचालन किया गया। बच्चों के आने से परिषदीय विद्यालय में उल्लास का वातावरण रहा। छुट्टियों के बाद एक दूसरे से मिले बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं था।

### पहले दिन बच्चों का किया स्वागत




**हसनपुर, अमृत विचार :** गर्मी की छुट्टियां खत्म होने के बाद स्कूल मंगलवार से खुल गए हैं। करीब डेढ़ महीने बाद स्कूलों की रौनक लौट आई है। डेढ़ महीने बाद फिर स्कूल आकर बच्चे अपने दोस्तों से मिलने के लिए उत्सुक दिखे, वहीं बच्चों को स्कूल छोड़ने आए पेरेंट्स भी खुश नजर आए। ग्रीष्मावकाश के छुट्टी के बाद बच्चे जब विद्यालय के गेट पर पहुंच रहे थे तो विद्यालय के अध्यापकों के हाथों में छड़ी नहीं बल्कि थाल में फूल थे। प्राथमिक विद्यालय पतेई खादर के प्रधानाध्यापक एवं जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ यशपाल सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष गौरव नागर ,समस्त स्टाफ के द्वारा तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में विजेंद्र सिंह गौरव नागर ऋषभ चौधरी राजीव कुमार शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# जोया से अमरोहा तक लीनियर वृक्ष लगाए जाएं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● डीएम निधि गुप्ता ने कलेक्ट्रेट में वृक्षारोपण के संबंध में ली बैठक

**अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में वृक्षारोपण के संबंध में बैठक आयोजित की। कहा कि लीनियर वृक्षारोपण मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में से है। इसलिए उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अमरोहा को निर्देश दिए कि जोया से अमरोहा मार्ग तक दोनों तरफ लीनियर वृक्ष लगाए जाएं।

उन्होंने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर जनपद के सभी विद्यालयों में बच्चों से वृक्षारोपण कराया जाए। उन बच्चों को यह बताया जाए कि इन वृक्षों का पालन पोषण उन्हें ही करना है। प्रभागीय वनाधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए कहा कि तिगरिया में अटल उद्यान बनाया जाएगा। उन्होंने शाहबाजपुर, मियांबाकी, छिगरिया नदी के किनारे आदि चिन्हित किए गए जगह से जिलाधिकारी को अवगत कराया। प्रभागीय वनधिकारी ने कहा कि वन महोत्सव 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाया जाएगा।यह कार्यक्रम इसी प्रकार आगे भी चलते रहेंगे। इसका उद्देश्य वृक्षारोपण को बढ़ावा देने और पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य वृक्षारोपण को बढ़ावा देना और वनों की कटाई के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व को समझाना, अधिक से अधिक पौधे लगाकर और पर्यावरण को स्वच्छ रखकर प्रकृति को बचाने में योगदान देना है।

मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक अपर उप जिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार होमगार्ड घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार होमगार्ड घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव पतेई खादर निवासी होमगार्ड हरवीर मंगलवार की सुबह गजरौला थाना में ड्यूटी पर जा रहा था। गजरौला के चौपला पर सामने से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल होमगार्ड को सीएससी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लक्ष्य लेकर बढ़ेंगे तो मिलेगी सफलता

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा




कार्यक्रम में डीएम निधि गुप्ता को सम्मानित करते डॉ. सिराजउद्दीन हाशमी।

● डीएम ने किया मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना का आरंभ

**अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना के कोचिंग का शुभारंभ किया। डीएम ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा कि सभी का एक लक्ष्य होना चाहिए। एक से अधिक लक्ष्य होगा तो सफलता किसी कीमत पर प्राप्त नहीं होगी। यदि आप सफल होते हैं तो सबसे ज्यादा खुशी आपके परिवार को मिलती है।

हाशमी डिग्री कॉलेज में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 हेतु प्रतिभावान, मेधावी छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। मंगलवार को डीएम निधि गुप्ता ने मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुड़ी जैन, प्रधानाचार्य की उपस्थिति में शुभारंभ किया। कोचिंग सेंटर में अब तक 170 छात्र-छात्राओं द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है जो नीट, यूपीएससी, यूपीएसएससी आदि सहित अन्य परीक्षाओं की तैयारी करेंगे। डीएम ने कहा कि सफल होने के लिए सबसे पहले एक लक्ष्य निर्धारित होना चाहिए लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। फिर हार्ड वर्क सबसे आवश्यक है यदि आप स्वयं ठाने की हमें मेहनत करके यह कार्य पूर्ण करना है तो वह निश्चित रूप से सफल होगा। इसके साथ ही स्वअध्याय बहुत ही आवश्यक है। स्टडी के लिए अपने शरीर का ध्यान रखना समय पर खाना समय और अच्छा खाना भी जरूरी है।

हाशमी गर्ल्स कॉलेज के प्रबंधक सिराजुद्दीन हाशमी ने अधिकारियो को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा ने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण जो बच्चे कोचिंग नहीं कर पाते हैं उनके लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग शुरू की गई है।

# वन महोत्सव के अंतर्गत लगाए गए पौधे



पौधरोपण करते चेयरमैन राजपाल सैनी एवं अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर वन विभाग द्वारा बनाए जा रहे वन महोत्सव के अंतर्गत पौधा रोपण अभियान चलाकर पौधे लगाने के लिए जागरूक किया और छात्र-छात्राओं को पौधे भी वितरित किए।

शासन के निर्देश पर वन विभाग द्वारा वन महोत्सव के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत वन विभाग द्वारा पौधारोपण कर जनता को पौधे लगाने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। मंगलवार को ग्राम सिहाली जागीर स्थित वन विभाग के कार्यालय पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हसनपुर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गजरौला ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी सम्मिलित हुई। दोनों अतिथियों एवं वन विभाग के अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इसी के साथ शासन की मंशा के अनुसार 151 छात्र-छात्राओं को पौधे वितरण किया और उन्हें अपने घरों में लगाने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान इकराम चौधरी,वन क्षेत्राधिकारी नरेश चौधरी, डिप्टी रेंजर सुमित राठी,सभासद राजपाल सैनी,इशांत सैनी,रविंद्र चौहान,आरबी सिंह यादव,अतुल कुमार,अमित कुमार,सुमित कुमार, अंकित चौधरी सहित छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# बंद मकान के ताले तोड़कर हजारों का माल जेवर चोरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** चोरों ने दिनदहाड़े बंद पड़े मकान के कमरे के ताला तोड़कर 25 हजार रुपये की नगदी सहित 80 हजार रुपए के माल को चोरी कर लिया।

नगर के मोहल्ला कनेटा रोड मोती वाली मस्जिद के निकट निवासी शहाबुद्दीन साप्ताहिक बाजार में कपड़े की फड़ लगा है। मंगलवार की शाम करीब 4 बजे शहाबुद्दीन की पत्नी गुलशन पड़ोसी मोहल्ले में अपनी मां मुन्नी से मिलने के लिए दोनों बच्चों को साथ लेकर गई थी। इस दौरान चोरों ने गुलशन के कमरे का ताला तोड़कर सेफ अलमारी के तालों को तोड़कर उसमें रखी 25 हजार रुपये की नगदी सोने के कुंडल चांदी की दो जोड़ी पाजेब को चोरी कर लिया। पीड़ित गुलशन ने बताया चोर उसका करीब 80 हजार से अधिक का माल चोरी करके ले गये ।

# तेंदुआ का जोड़ा दिखने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप

संवाददाता, हसनपुर



वन विभाग द्वारा लगाया गया पिंजरा।

● पुलिस - वन विभाग ने तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया

**अमृत विचार :** थाना रजबपुर क्षेत्र में तेंदुए की दहशत बढ़ती जा रही है। पिछले कई दिनों से विभिन्न गांवों में घूम रहे तेंदुए आतंक का पर्याय बने हुए हैं। सोमवार रात क़रीब 8 बजे मिल्क महमदी गांव में दो तेंदुओं की मौजूदगी से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने गांव के मुख्य रास्ते पर दो तेंदुओं को बैठे हुए देखा तो उनके होश उड़ गए। शोर शराबा होने पर तेंदुआ गन्ने के खेतों में गुम हो गए।

गांव निवासी कविराज सिंह अपने साथी भूपेंद्र सिंह,हरेंद्र सिंह व गौरव के साथ खेतों पर थे। इसी बीच उनकी नजर गांव के निकट रास्ते पर बैठे दो तेंदुओं पर पड़ी। दोनों उछलकूद कर रहे थे। उन्होंने अपने मोबाइल से तेंदुओं का विडियो बनाया। बाद में बड़ी संख्या में लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे। शोर शराबा होने पर तेंदूए गन्ने के खेतों में चले गए। ग्रामीणों ने काफ़ी देर तक जंगल की खाक छानी लेकिन तेंदुए नजर नही आए। तेंदुओं की आमद से ग्रामीण अकेले जंगल जाने में कतरा रहे हैं। बच्चों को घरों से न निकलने की चेतावनी भी दी जा रही है। वन विभाग के क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार का कहना है कि ग्रामीणों की सूचना पर टीम को मौके पर भेजा गया था और तेंदुए को पकड़ने के लिए जंगल में पिंजरा भी लगा दिया गया है।

# सड़क हादसों में बच्चा समेत दो की मौत, तीन गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

● पहली दुर्घटना में बाइक भैंस से टकरा गई, दूसरी में वाहन की चपेट में आया वृद्ध

**अमृत विचार:** सड़क दुर्घटनाओं में एक बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना में एक बाइक भैंस से टकरा गई। दूसरी घटना में वृद्ध वाहन की चपेट में आ गया।

जिकरीवाला गांव निवासी सुरेंद्र अपनी पत्नी लक्ष्मी, बेटे ऋतिक (10 वर्ष) और बेटी राधिका के साथ बाइक से मुरादाबाद के रतुपुरा गांव से लौट रहे थे। हरिद्वार-काशीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर माननगर के पास सड़क पर आई एक भैंस से बाइक टकरा गई और चारों लोग सड़क पर गिर पड़े। घायलों को तुरंत सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने ऋतिक को मृत घोषित कर दिया। पिता सुरेंद्र, मां लक्ष्मी और बहन राधिका को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। अफजलगढ़ थाना प्रभारी सुमित राठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

दूसरी घटना बीती रात थाना नूरपुर क्षेत्र के गांव उमरी के बिजली घर के पास हुई। वाहन की चपेट में आकर एक वृद्ध गम्भीर रूप से घायल हो गया।घायल वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त थाना धामपुर क्षेत्र के गांव पाडली माण्डू निवासी 56 वर्षीय गिरवर सिंह पुत्र बुध सिंह के रूप में की गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# तिगरी में गंगा का जलस्तर 30 सेमी बढ़ा

संवाददाता, गजरौला



तिगरी में गंगा का बढ़ता जलस्तर। ● अमृत विचार

● बिजनौर बैराज से छोड़ा 45 हजार क्यूसेक पानी

**अमृत विचार:** बिजनौर बैराज से 45 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद तिगरी गंगा का जलस्तर 30 सेमी बढ़कर 200.20 सेमी पर पहुंच गया है। गंगा उफान पर है। खादर क्षेत्र के गांवों में बाढ़ खंड विभाग ने अलर्ट जारी किया है। गंगा किनारों से दूर रहने की अपील ग्रामीणों से की जा रही है। फिलहाल खेतों में बाढ़ के हालात बने हैं।

पहाड़ों के साथ ही मैदानी क्षेत्रों में हुई बारिश अब क्षेत्र में खादर के ग्रामीण इलाकों में आफत बनी है। ओवरफ्लो होने पर बाढ़ खंड विभाग ने बिजनौर बैराज से 45 हजार क्यूसेक पानी तिगरी गंगा की ओर छोड़ दिया। नतीजा तिगरी गंगा का जलस्तर बढ़कर 200.20 सेमी पर पहुंच गया। इसके पहले सोमवार को बाढ़ खंड विभाग ने जलस्तर 199.90 सेमी दर्ज किया था। खादर क्षेत्र के शीशोवाली, जाटो वाली, दारानगर, अलीनगर समेत 10 से ज्यादा गांवों के आसपास खेतों में पानी भरना शुरू हो गया है। ओसीताजगदेपुर, कांकाठेर आदि गांवों के आसपास खेतों में तीन फिट से अधिक पानी भर गया है। किसानों को फसलों के नष्ट होने का डर सताने लगा है। वहीं बाढ़ खंड विभाग ने भी अलर्ट जारी कर दिया है। खादर क्षेत्र के गांवों में गंगा किनारे नहीं जाने की अपील ग्रामीणों से की जा रही है। बाढ़ खंड चौकियों को भी अलर्ट कर बढ़ते जलस्तर को लेकर समय-समय पर अपडेट करने का निर्देश दिया है। जेई बाढ़ खंड सुभाष कुमार ने बताया कि बिजनौर बैराज में पानी ओवरफ्लो है, ऐसे में अभी जलस्तर और भी बढ़ने की संभावना है।

### गंगा किनारे बसे 10 से ज्यादा गांव के खेतों में भरा पानी

पहाड़ों पर बारिश होने से बिजनौर बैराज से लगातार तिगरी गंगा में पानी छोड़ा जा रहा है। जिसके चलते तिगरी गंगा के किनारे पर बसे 10 से ज्यादा गांवों के खेतों में पानी भर जाने से फसलें नष्ट हो रही है। जिसको लेकर ग्रामीणों को चिंता सता रही है। खेतों से पशुओं के लिए चारा काटके के लाने के लिए चार फिट से ज्यादा पानी में को निकलकर जाना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## सार-संक्षेप

### चोरों ने 15 लाख के नगदी-जेवर पर हाथ साफ किया

**अमरोहा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गमांव जगुआ खुर्द निवासी किसान अंकुर का परिवार सोमवार की रात खाना खाकर सो गया। अंकुर अपनी पत्नी व बच्चों के साथ घर के बरामदे में सो रहे थे। रात में किसी समय चोर दीवार फांदकर घुस गए। तीन कमरों में अलमारियां खंगाल लीं। 2 लाख 70 हजार रुपए की नकदी के साथ सोने-चांदी के आभूषण ले गए। कुल मिलाकर करीब 15 लाख रुपए की चोरी हो गई। सुबह जागने पर कमरों का दरवाजा खुला मिला और सामान बिखरा हुआ था। चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने 5 दिन में घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। वहीं इससे सप्ताह पहले चोरों ने बागड़पुर माफी गांव में चार घरों से करीब 20 लाख रुपए का माल चुराया था। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में डर का माहौल है। थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि गांव जगुआ में चोरी की घटना की जानकारी है। तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

### मां-बेटी का बाप-बेटे से हो गया प्रेम संबंध

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली मां-बेटी की अनोखी प्रेम कहानी सामने आई है। मां-बेटी का प्रेम संबंध बाप-बेटे से हो गया। वह उन्हीं के साथ रहने पर अड़ गई। परिजनों ने बेटी को नाबालिग बताकर कार्रवाई की मांग कर कोतवाली के बाहर प्रदर्शन किया। हसनपुर के एक गांव की रहने वाली 35 वर्षीय छह बच्चों की मां का रजबपुर थाना क्षेत्र के दो बच्चों के 45 वर्षीय पिता से प्रेम संबंध हो गया। ग्रामीण की पत्नी कुछ दिन पूर्व उसे छोड़कर चली गई थी। इधर महिला की बेटी का उसी ग्रामीण के बेटे से प्रेम संबंध हो गया। मां-बेटी दोनों एक होटल में काम करती थीं। प्रेम-प्रसंग अब सार्वजनिक हुआ तो परिजनों ने विरोध किया। इस पर मां-बेटी अपने प्रेमी बाप-बेटे के साथ रहने पर अड़ गई। प्रकरण कोतवाली तक जा पहुंचा। परिवार वालों ने कोतवाली गेट पर जमकर प्रदर्शन कर पुलिस से नाबालिग बेटी को उनके सुपुर्द करने की मांग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रही है। बहरहाल महिला अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी है।

### चोरी की गाड़ियां चला रहा था बैंक का रिकवरी एजेंट पकड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के रिठोरा चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता पुलिस टीम के साथ सोमवार की देर रात गश्त कर रहे थे। नहर किनारे एक सफेद ब्रेजा कार को रोका। चालक हाफिजगंज क्षेत्र के मोबीन खान को पकड़ लिया। मोबीन ने अपने दस्तावेजों पर चांदपुर थाना क्षेत्र के सराई गांव, बिजनौर का पता दर्ज रखा था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर खेत से एक और विटारा ब्रेजा कार बरामद की। आरोपी दो गाड़ियों एक ही नंबरप्लेट से चला रहा था, एक बरेली में और दूसरी बिजनौर में। उसने यह फर्जीवाड़ा बिजनौर के नसीम अहमद नामक व्यक्ति के साथ मिलकर किया था। इनमें से एक गाड़ी को वह बिजनौर में बैंक की रिकवरी टीम के लिए इस्तेमाल करता था, जबकि दूसरी गाड़ी को यहां पर खेत में छिपाकर रखा था।

### संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़ा के तहत रैली निकाली

**हसनपुर, अमृत विचार :** सीएचसी केंद्र से मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत रैली आयोजित की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। यह गांव एवं नगर में भी अभियान चलाया जाएगा। जिससे मच्छरों से पनपने वाली बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि मच्छरों से होने वाले रोगों में फीवर, मलेरिया व डेंगू समेत विभिन्न बीमारियां होती हैं। रुके पानी में मच्छर बैठता है। इसलिए पानी को एक स्थान पर इकट्ठा ना होने दें और कूलर में भी पानी बदलते रहें। फार्मासिस्ट एमके जोशी, आसमां परवीन, डॉ अब्दुल कादिर, आशा सीता आर्य, रीना व संगिनी आदि मौजूद रहे।

### हारा हूं बाबा बस तुझ पर भरोसा है

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में सोमवार की रात्रि श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के रामलीला मैदान में बाबा खाटू श्याम मंदिर का तृतीय स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी को कमेटी पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। फरीदाबाद से आए कलाकार अंकित शर्मा ने हारा हूं बाबा बस तुझ पर भरोसा है, कानपुर से आई शर्मा सिस्टर ने जिस घर में खाटू वाले की ज्योत जलाई जाती है। दिल्ली के अमनदीप राठौर ने तीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ ना,मुश्किल में है दास तेरा अब लाज बचाओ न जैसे सुंदर-सुंदर भजन सुनाए। संदीप अग्रवाल,शैंकी अग्रवाल,आशु चौहान,मोहित चौहान,अवनीश अग्रवाल, हिरदेश अग्रवाल,राहुल अग्रवाल, अंकित गुप्ता, मोहित शर्मा,प्रवीन प्रजापति, मोनू राणा,अनुज अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल,संजय शर्मा समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली निकाली

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** गर्मियों की छुट्टियों के बाद मंगलवार से स्कूल खुल गए। मंगलवार को स्कूल चलो अभियान के तहत की शुरुआत हो गई है। उच्च माध्यमिक विद्यालय कमेलपुर में पहले दिन शिक्षकों ने बच्चों को टीका लगाया और माला पहनाई। साथ ही मिठाई का वितरण भी किया गया। प्रधानाचार्य हरिओम त्रिवेदी ने बताया कि यह अभियान 1 से 15 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान 6 से 14 वर्ष के बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य रखा गया है। गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को अपने बच्चों के नामांकन करने के लिए प्रेरित भी किया गया। मुनेंद्र प्रताप, संतोष देवी, कनिका भटनागर, नीतू सिंह, मीनाक्षी यादव, राजवीर सिंह, सीता यादव, यति गुप्ता सहित आदि मौजूद रहे।

### 5 मोहर्रम का जुलूस दौलत शहीद से निकला

नौगांवा सादात, अमृत विचार : पांच मोहर्रम का जुलूस अंजुमन के आबदिया व इसके पीछे अंजुमन ए सोगवारे हुसैनी ने इमामबाड़ा दौलत शहीद से बरामद किया। हुसैनी चौक खेड़ी का मोड़ पर अंजुमन सोगवार ए हुसैनी ने जंजीर का मातम बरपा किया जिसमें अज़ादार लहूलुहान हो गए। यह जुलूस बड़ी इमली, कटकुई ,फकरपुरा, मंगल का बाजार, हुसैनी चौक पीडबलूडी रोड, मौलाना सिबते नबी रोड, होता हुआ। इस जुलूस के पीछे अंजुमन सोगवारे हुसैनी का जुलूस चल रहा था। हुसैनी के जुलूस जब हुसैनी चौक अमरोहा नौगांवा मार्ग पर पहुंचा। दोनों जुलूस के निगरानी पुलिस कर रही थी। जुलूस में अंजुमन सोगरे हुसैनी के सदर अथर अब्बास, हैदर मेहंदी, करीम हैदर, अंजुमन ए आब दिया मौ रजा इकराम हैदर, नूर अब्बास राणा, हुसैन अबबास, मेहर अब्बास, मुशर्रफ अली सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

### केक काटकर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन



**हसनपुर, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं कांठ विधायक कमाल अख्तर ने कार्यकर्ताओं के साथ अखिलेश यादव का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कमाल अख़्तर ने कहा "यह सिर्फ़ एक जन्मदिन नहीं, एक विचारधारा का उत्सव है। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में जो शालीनता, दूरदृष्टि और न्यायप्रिय नेतृत्व स्थापित किया है। वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। ज़िला महासचिव चंद्रपाल सैनी,संदीप कुमार,आरिफ अख्तर, पूर्व विधायक पीतम सिंह, यशवीर नागर, ज़ुल्फ़ेख़ार, फारुख कुरैशी, ज़फर जुरीद, विक्की अब्बास, शाहनवाज़ अंसारी, खानचंद्र खड़गवंशी, करतार सिंह, अब्दुल, जोगेंद्र खड़गवंशी, योगेंद्र खड़गवंशी, नवल कुमार, अखिलेश यादव, मनोज त्यागी, गोलू त्यागी, अंशु त्यागी, आनंद ग़ुज्जर, राजकुमार वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

### युवक को बाइक सवार दो युवकों ने मारी गोली

**गजरौला,अमृत विचार :** टहलने गए युवक को बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मार दी। आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

क्षेत्र के गांव कुमराला निवासी योगेश कुमार पुत्र चरनसिंह मंगलवार सुबह मुकदमे की तारिख पर कोर्ट गया था। तारीख से वापस आने के बाद शाम को अपने घर से तिगरी मार्ग पर टहलने के लिए गया था। इसी दौरान पीछे आए दो बाइक सवार बदमाशों ने योगेश पर फायरिंग कर दी। योगेश के कंधे पर गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी मौके से फरार हो गए। लोगों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने योगेश की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया


गुन्नौर में अखिलेश यादव के चित्र के सामने केक काटते सपाई। ● अमृत विचार

**बबराला, अमृत विचार:** गुन्नौर में सपा कार्यकर्ताओं नें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया। इसके बाद पौधारोपण भी किया। अमित यादव ने कहा कि संकल्प ले रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे। देवपाल सिंह, रूपेश यादव, लकी उस्मानी, सौरभ यांदव, शमीम अहमद, शरद यादव, बबलू यादव, मोहित यादव, वीरपाल यादव, वीर सिंह, विभोर अग्रवाल, सत्यप्रकाश यादव, राजेश यादव, केवी यादव आदि मौजूद रहे।

# पीपीएफ को लेकर सफाईकर्मियों का प्रदर्शन

## ठेकेदार पर पीपीएफ नहीं जमा करने का लगाया आरोप, नगर पालिका में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** पीपीएफ व अन्य समस्याओं को लेकर नगर पालिका के ठेका सफाई कर्मचारी हड़ताल पर रहे। नगर पालिका में प्रदर्शन किया। पालिकाध्यक्ष पति व ईओ ने ठेकेदार के कर्मचारी को बुलाकर सफाई कर्मचारियों की समस्या समाधान के निर्देश दिए। मंगलवार की दोपहर तक कूड़ा उठान न होने से गंदगी के ढेर लग गए।

मंगलवार की सुबह नगर पालिका के ठेका डोर-टू-डोर सफाई कर्मचारियों ने पीपीएफ समेत कई समस्याओं को लेकर हड़ताल कर दी। वे नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। ईओ धर्मराज राम व पालिकाध्यक्ष पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने उनकी समस्याएं सुनीं। कर्मचारियों ने बताया डोर-टू-डोर कर्मचारियों का कई माह का पीपीएफ ठेकेदार पर बकाया है। कुछ कर्मचारियों को पीपीएफ मिल रहा है, जिसमें केवल कर्मचारी का काटा गया पीपीएफ है, ठेकेदार द्वारा रकम नहीं डाली जा रही है। कर्मचारियों को कार्य पर रखने पर पहले सिक्योरिटी के नाम पर 10 हजार रुपये लिए गए हैं। ईओ ने ठेकेदार के कर्मचारी को बुलाकर जानकारी की। उसने बताया कि दोनों तरफ का पीपीएफ डाला जा रहा है। सिक्टोरिटी के रुपये कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने पर मिल जाएंगे। पालिकाध्यक्ष पति ने कहा कि समस्या का समाधान होगा। इसके बाद सफाई कर्मचारी चले गए। जिससे दोपहरक सड़कों के किनारे कूड़े के ढेर लगे रहे जिससे लोगों को दुर्गंध से परेशानी का सामना करना पड़ा। मनोज कुमार, नितिन कुमार, टेक चंद्र, गौरव कुमार, विनीत, राजेश कुमार, मानव, विनोद कुमार, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।


नगर पालिका कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते सफाई कर्मी। ● अमृत विचार

● समाधान के आश्वासन पर माने, दोपहर तक कूड़ा नहीं उठने से लगे रहे गंदगी के ढेर


संभल गेट पर लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार

# स्कूल में पहले दिन बच्चों का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय खुलने के पहले दिन बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर व फूल देकर किया गया। पहले दिन विद्यालय पहुंचने पर बच्चे खुश नजर आए और सहपाठियों के साथ अवकाश के दिनों के बारे में खूब बात की।

गांव कैथल के प्राथमिक विद्यालय गर्मियों की छुट्टियों के बाद मंगलवार को खुल गया। छात्र-छात्राओं का शिक्षिकाओं ने जोरदार स्वागत किया ।तिलक कर उन्हें पुष्प भेंट किए गए। शिक्षिकाओं ने स्कूली बच्चों से गर्मियों की छुट्टियों में किए गए कार्यों की जानकारी ली। रीनू बंसल, गीता गुप्ता, मीनाक्षी, अंशिका, पूजा राघव, सुनीता आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

वहीं बनियाठेर के गांव अफजलपुर डरौली प्राथमिक विद्यालय में छात्रा ने विद्यालय के गेट पर फीता काटकर नई शिक्षा सत्र का आरंभ किया। प्रधानाध्यापक लक्ष्मी नारायण ने बताया कि पहले दिन बच्चों में काफी उत्साह था। बच्चों को खीर का वितरण किया गया। गुरुनानक चंद, राजेश कुमारी, रीमा कुमारी आदि मौजूद रहे। इसके अलावा विद्यालयों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कैथल प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिकाओं के साथ खड़े बच्चे। ● अमृत विचार


अफजलपुर डरौली के विद्यालय में बच्चों का तिलक करते शिक्षक।

# डॉक्टरों का योगदान समाज के लिए बहुत ही अतुलनीय


इनरव्हील क्लब संभल सिटी की और से सम्मानित किये गये डाक्टर।

● डॉक्टर्स डे पर उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किए डॉक्टर

**संभल, अमृत विचार:** इनरव्हील क्लब संभल सिटी ने डॉक्टर्स डे और सीए दिवस मनाया। जिसमें डॉक्टरों और सीए को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में दिवंगत डॉ.सुधा सक्सेना, डॉ.शिखा अग्रवाल, डॉ.ऋचा गुप्ता, डॉ.रुपाली गुप्ता, डॉ.निधि सक्सेना, डॉ.मोहसिना शहजाद, डॉ.ललिता अग्रवाल, डॉ.रंजना सिंह, डॉ.अंजू नवीन, सीए विधि सिंघल को सम्मानित किया गया। डॉ.शहजाद आलम ने कहा कि डॉक्टर भगवान का रूप होते हैं। नेहा मलय ने कहा कि डॉक्टरों का योगदान समाज के लिए अतुलनीय और अविस्मरणीय है। दिवंगत इनायत सैयद की फैमिली तथा डॉ.तस्कीन सैयद को श्रद्धांजलि दी गई। सोनिया नागपाल, डॉ.गुंजा गुप्ता व अन्य को सम्मानित किया। डॉ.मोहम्मद नाजिम, सफदर अली, कमांडर अली, मोहसिन अली, महावीर यादव, कैलाश यादव, अली सैफुल हक रहे।

## महत्वपूर्ण है समाज में डाक्टरों की भूमिका

**बबराला, अमृत विचार:** राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस पर नगर क्षेत्र के चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।

मंगलवार को भानु आई केयर सेंटर पर राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर चिकित्सकों के सम्मान समारोह का आरंभ अतिथि डॉ. कैलाश वार्ष्णेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में सभी चिकित्सकों को पटका और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. कैलाश वार्ष्णेय ने समाज में डॉक्टरों की भूमिका और उनके महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. राहुल यादव ने कहा कि डॉक्टर्स डे पर डॉक्टरों का सम्मान समाज की ओर से आभार प्रकट करने का प्रयास है। निदेशक चिंताहरण सिंह ने अतिथि चिकित्सकों को पटका और माला पहनाकर सम्मानित किया। समारोह में डॉ. सुधीन्द्र शर्मा, डॉ. वीएस यादव, डॉ. रिजवान अहमद, डॉ. रमेश, डॉ. प्रदीप रघुवंशी, डॉ. एनपी यादव आदि मौजूद रहे। नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने भी सम्मान में समारोह आयोजित किया।

# चिकित्सकों को प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** डाक्टर्स डे पर विभिन्न संगठनों की ओर के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों को पटका व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

मंगलवार को अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल की ओर से सीएचसी में चिकित्सकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कहा कि चिकित्सक बिना किसी भेदभाव के निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं। हम चिकित्सकों के बिना अपने जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। सीएचसी के प्रभारी डॉ. हरवेंदर सिंह ने कहा कि सीएचसी में सभी सुविधाएं है, जिसका लाभ समाज का प्रत्येक व्यक्ति को मिल रहा है। सम्मानित होने वाले में डॉ. हरवेंदर सिंह, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. सारिका अग्रवाल, डॉ. सोनी गौतम, डॉ. टीएस पाल, डॉ. जितेंद्र गुप्ता, डॉ. मीनू अग्रवाल, गिरिराज कुमार आदि रहे। इस दौरान अनुज वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, शुभम अग्रवाल, बृजेश वार्ष्णेय, अमन कोरी, रितिक वार्ष्णेय, तुषार कुमार आदि मौजूद रहे।

श्री नारायण सेवा समिति की ओर से होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. अनुराग सक्सेना को सम्मानित किया गया। समिति अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय, बृजगोपाल गुप्ता, हरीश कठेरिया, विपिन गुप्ता, डॉ. जयशंकर दुबे, केजी गुप्ता, विपिन कुमार, संजय सक्सेना, डॉ. डीके अग्निहोत्री, सूर्य प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। रोटरी क्लब अमन ने सोहन लाल सरस्वती शिशु मंदिर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही सीए दिवस भी मनाया। डॉ. सागर गुप्ता व डॉ. ओमेंद्र वार्ष्णेय ने स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। डॉ. नरेंद्र गुप्ता, डॉ. सागर मल्होत्रा, डॉ. टीएस पाल व सीए कपिल वार्ष्णेय, सीए आलोक अग्रवाल, सीए अनुभव गुप्ता को सम्मानित किया गया। दीपेश गुप्ता, लोकेश गुप्ता, भुवनेश वार्ष्णेय, निखिल अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अविनाश गोयल, प्रदीप वार्ष्णेय, अमित अप्पू, अतुल गुप्ता, भूपेंद्र गुप्ता, कमल किशोर आदि मौजूद रहे। जीके सिल्वर स्टोन स्कूल में डॉ. सलिल दीक्षित, डॉ. गिरिराज किशोर, डॉ. विदुषी वार्ष्णेय, डॉ. श्याम गोआनी सक्सेना, डॉ. स्मिता बंसल, डॉ. सर्वेश सक्सेना, डॉ. अशोक अग्रवाल, डॉ. मनीष गुप्ता को सम्मानित किया गया। डॉ. विजय कृष्णा, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. सविता वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।


सीएचसी में सम्मानित किए गए चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

● डाक्टर्स डे पर विभिन्न संगठनों ने किया कार्यक्रम का आयोजन

## कबीर के संत बनने में सबसे बड़ा योगदान गुरु रामानंद का

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** श्री कल्कि धाम में मासिक सत्संग ससे पूर्व मंगलवार को सुबह यज्ञ में आहुतियां दी गईं।

श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कबीर के संत बनने में सबसे बड़ा योगदान गुरु रामानंद का था। गुरु शिष्य परंपरा इस सनातनी धरा की विशिष्टता रही है। यहां पर जब ईश्वर ने स्वयं अवतार लिया है तो ईश्वर ने भी इसी परंपरा का अनुसरण किया है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण हमें महाभारत में मिलता है।

महामंडलेश्वर कल्याण देव, महामंडलेश्वर हरमनोजदास, खिलेंद्र सिंह, नक्षत्रेश कुमार आर्य, भाजपा नेत्री शशि त्यागी, रामकिशोर त्यागी, ललिता त्यागी, विजेंद्र त्यागी, संजीव त्यागी, शिवांक त्यागी, लवकुश शर्मा, प्रभा चाहल, पूजा अग्रवाल, पंकज गुप्ता, अशोक कृष्णम, जुगल किशोर, रवि त्यागी व अन्य रहे।

## सार संक्षेप

### खेतों में देखे गए गुलदार के तीन शावक



**बिजनौर, अमृत विचार :** बिजनौर के नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव लोदीपुर मिलक के जंगलों में गुलदार के तीन शावकों के देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत है। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला सचिव सुधीर शर्मा अपने पशुओं के लिए चारा काटने जंगल की ओर गए थे। उन्होंने राजकुमार के खेत में गुलदार के तीन शावकों को देखा। कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे। थोड़ी देर निगरानी के बाद शावकों को जंगल की ओर छोड़ दिया। शावकों के आसपास मादा गुलदार की संभावित उपस्थिति ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है।

### रोटरी क्लब पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**चन्दौसी, अमृत विचार :** रोटरी क्लब अमन ने रोटरी नेत्र चिकित्सालय के सभागार में कार्यक्रम में क्लब के साथियों को विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने पर सम्मानित किया गया। में निशुल्क भोजन वितरण के लिए ओमप्रकाश, अतुल कुमार, कल्पना, प्रवीन अग्रवाल, कमल किशोर, भुवनेश वार्ष्णेय, मोहित अग्रवाल, पवन कुमार, विकास कुमार को मां अन्नपूर्णा अवार्ड दिया। आर्थिक सहयोग देने के लिए राहुल कुमार, भुवनेश वार्ष्णेय, गिरीश कुमार, प्रवीन अग्रवाल को सम्मानित किया। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में उच्चतम नंबर लाने वाले विद्यार्थी मनी, पार्थव, कनिष्का वार्ष्णेय, परी, नैतिक चौधरी, अदिति गुप्ता, आराध्या सिंह, ओजस्वी गोयल, शौर्य प्रताप सिंह को पुरस्कार दिया। क्लब की स्वाति अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, शुभ्रा अग्रवाल, साधना गुप्ता, पूजा किशोर, कविता गुप्ता, कल्पना अप्पू, प्रदीप वार्ष्णेय, प्रवीन अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों को सम्मानित किया। अमित कुमार अप्पू, पायल रस्तोगी, तृप्ति रस्तोगी, डॉ. काव्य सौरभ रस्तोगी, विजय कुमार, संजय रुस्तगी आदि मौजूद रहे।

### मुठभेड़ में चार गिरफ्तार ,दो के पैर में लगी गोली

**बिजनौर, अमृत विचार :** थाना नांगल पुलिस और स्वाट, सर्विलांस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सबलपुर में घेराबंदी की तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने चार बदमाशों को दबोच लिया। इनमें दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान शादाब पुत्र मेहदी निवासी सपेरी बस्ती, शहर कोतवाली, दशवकुमार पुत्र अशोक निवासी बड़ुगरा, थाना बक़रतपुर, समेरा पुत्र सतलकराम निवासी फैजपुर सलेमपुर, थाना हीमपुर दीपा और सूरज पुत्र अशोक उर्फ अमरनाथ निवासी बड़ुगरा, थाना बक़रतपुर के रूप में हुई है। दो तमंचे, चारकारतूस, चोरी की एक मोटरसाइकिल, 3050 रुपये और आभूषण बरामद किए। यह गिरोह चोरी, लूट और छिनैती की घटनाएं अंजाम देता था। आरोपियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने हाल ही में थाना नांगल क्षेत्र के ग्राम महमदपुर में दो महिलाओं से कुंडल लूटे थे और एक घर से आभूषण, नकदी व मोटरसाइकिल चोरी की थी। माल थाना बक़रतपुर क्षेत्र के एक ज्वैलर्स को बेचा गया था।

### समिति ने बालक को परिजनों से मिलाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बिचेटा निवासी अर्जुन कुमार का पुत्र सुनील 8 माह पहले घर से नाराज होकर मुंबई चला गया था। परिजनों ने बालक की खोजबीन की। मगर कोई सुराग नहीं लगा। मुंबई रेलवे में पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे बालगृह भेज दिया। बाल कल्याण समिति को जानकारी हुई तो मुंबई पुलिस से जानकारी की। इसके बाद मुंबई पुलिस बालक को लेकर संभल पहुंची। मंगलवार को बाल कल्याण समिति ने औपचारिकता पूरी करने के बाद बालक को पिता के सुपुर्द कर दिया। पिता ने बताया कि पहले भी उनका पुत्र दो बार भाग चुका है। इस दौरान समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता, सदस्य गौरव शर्मा, नूतन चौधरी, नीलम राय आदि मौजूद रही।

### कार की टक्कर से सड़क पार कर रहे तेंदुआ की मौत

**भीरा/बिजुआ, अमृत विचार :** भीरा वन रेंज क्षेत्र में सोमवार की रात करीब 10 बजे एक तेंदुआ जंगल से निकलकर भीरा-लखीमपुर मार्ग पर बाबा स्थान व मनमीत नगर कॉलेज के बीच जगदेवपुर के पास सड़क पार कर रहा था। तभी लखीमपुर की तरफ से जा रही तेज रफ्तार कार ने तेंदुए को टक्कर मार दी। हादसे में तेंदुए की मौके पर ही मौत हो गई। बफर जोन भीरा रेंज के डिप्टी रेंजर अखिलेश कुमार शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। मौके से कार की टूटी पड़ी आधी नंबर प्लेट को कब्जे में लिया। पांच डॉक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला राष्ट्रीय पक्षी मोर का शव

**मैगलगंज, (लखीमपुर खीरी) अमृत विचार :** गांव रहजनिया के निकट रेलवे ट्रैक पर राष्ट्रीय पक्षी मोर का शव मिला। मैगलगंज रेंज के वन दरोगा विनोद भारती ने बताया कि प्राथमिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि मोर की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। पोस्टमार्टम के बाद मोर के शव को नियमानुसार दफनाया जाएगा।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान डीएम ने किया आरंभ



**बहजोई, अमृत विचार :** 1 से 30 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत डीएम राजेंद्र पैंसिया ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद एएनएम आशाओं को अभियान की सफलता की शपथ दिलाई। सीएमओ डॉ. तरुण पाठक ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत दिमागी बुखार रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों, कुष्ठ रोग, कालाजार, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, कुपोषित बच्चों की पहचान, दस्त रोग के लक्षण युक्त बच्चों की पहचान करते हुए उन्हें ओआरएस के पैकेट एवं जिंक टेबलेट उपलब्ध कराया जाएगा।

### बाग में चौकीदार का शव फंदे पर मिला

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** थाना बढ़ापुर क्षेत्र में नकटा नदी के करीब आम के बाग की रखवाली मोहल्ला नौमी निवासी 65 वर्षीय शीशराम पुत्र माना सिंह करते थे। मंगलवार की सुबह चौकीदार का शव फंदे पर लटका देखा। मृतक के पैर ज़मीन से घिसटे हुए थे, जिससे आत्महत्या के बजाय हत्या की आशंका और गहरा गई। ठेकेदार इरफान और मुकीम ने थाना बढ़ापुर पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी मृदुल कुमार सिंह, सीओ नगीना अंजनी कुमार ने मौका मुआयना किया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
- BBA (Finance & Taxation)
- B.Com (Hons.)
- BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)
PG Programs
- MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
- M. Com.
- MCA
- MHA
- MPH
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.
PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

